राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 55 पृष्ठ: 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शुक्रवार को पांच कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर योग गुरु स्वामी रामदेव ने शिष्टाचार भेंट की। बाबा रामदेव एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए लखनऊ पहुंचे थे।

## 'देश कह रहा है.... मोदी तेरा कमल खिलेगा'

### 'देश कह रहा है.... मोदी तेरा कमल खिलेगा', कुछ लोग कहते हैं- मोदी तेरी कब्र खुदेगी, जो निराशा के गर्त में डूब चुके हैं, वो आजकल माला जपते हैं: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**शिलांग/टीम एक्शन इंडिया**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी शुक्रवार को नगालैंड और मेघालय में चुनावी रैली में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने मेघालय के शिलॉन्ग में कहा कि कुछ लोग जिनको देश ने नकार दिया है, जो निराशा के गर्त में डूब चुके हैं, वो आजकल माला जपते हैं और कह रहे हैं कि मोदी तेरी कब्र खुदेगी, लेकिन देश कह रहा है, देश का कोना कोना कह रहा है, मोदी तेरा कमल खिलेगा। पीएम ने कहा कि आज जिस प्रकार से शानदार और जानदार रोड शो आपने किया है, आपका यह प्यार, आपका यह आशीर्वाद, मैं आपके इस कर्ज को जरूर चुकाऊंगा। आपके इस प्यार और आशीर्वाद का कर्ज मैं मेघालय का विकास कर चुकाऊंगा, आपके कल्याण के काम को गति देकर चुकाऊंगा। आपके इस प्यार को मैं बेकार नहीं जाने दूंगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब मैं मेघालय के बारे में सोचता हूं तो मैं प्रतिभाशाली लोगों, जीवंत परंपराओं के बारे में सोचता हूं, अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य के बारे में भी सोचता हूं। मेघालय का संगीत जीवंत है। फुटबॉल के लिए जुनून है। मेघालय के हर कोने में रचनात्मकता है।



**'दिल कि दूरियां भी मिटें और दिल्ली से भी दूरी कम हो'**

**पीएम** ने कहा कि नॉर्थ-ईस्ट के 8 राज्यों को हम कांग्रेस की तरह एटीएम नहीं बल्कि 'अष्ट लक्ष्मी' मानते हैं। हमारा यह प्रयास है कि दिल कि दूरियां भी मिटें और दिल्ली से भी दूरी कम हो। बीते 9 वर्षों में मैं खुद दर्जनों बार यहां आया हूं। अपने लोगों पर अविश्वास करके देश नहीं चलता। देश चलता है अपने लोगों का सम्मान करके, उनकी समस्याओं का समाधान करके। पहले जहां नॉर्थ-ईस्ट में डिवाइड की पॉलिटिक्स चलती थी उसको हमने डिवाइन में बदला है। नगालैंड के लिए हमारा मंत्र है- पीस, प्रोग्रेस और प्रॉस्पेरिटी।

**मेघालय में कमल खिल रहा है:** प्रधानमंत्री ने कहा- मेघालय में चारों तरफ बीजेपी ही बीजेपी दिख रही है। पर्वतीय हो या मैदानी इलाका, गांव हो या शहर हर तरफ कमल खिलता दिख रहा है। मेघालय आज फैमिली फर्स्ट की बजाय पीपुल फर्स्ट वाली सरकार चाहता है इसलिए आज 'कमल का फूल' मेघालय की मजबूती, शांति और स्थिरता का पर्याय बन गया है। मेघालय के हितों को कभी भी प्राथमिकता नहीं दी गई।

### 27 को चुनाव, 2 मार्च को नतीजे

**बता** दें कि मेघालय और नगालैंड में 60 विधानसभा सीटों के लिए 27 फरवरी को चुनाव होना है। मेघालय में चुनाव से पहले शुक्रवार का प्रचार मोदी की यह पहली और आखिरी रैली थी। त्रिपुरा समेत पूर्वोत्तर के तीनों राज्यों में नतीजे दो मार्च को आएंगे। दो दिन पहले मेघालय सरकार ने तुरा में सुरक्षा का हवाला देते हुए पीएम मोदी की चुनावी रैली को परमिशन देने से इनकार कर दिया था। यह रैली पीए संगमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लैक्स में होने वाली थी। वेस्ट गारो हिल्स जिले में होने वाली रैली को परमिशन न मिलने पर भाजपा ने मेघालय सरकार पर निशाना साधा था।

### फर्जी वोटिंग नगालैंड में बड़ी समस्या

**नगालैंड** देश का इकलौता ऐसा राज्य है, जहां साल 2013 में 90% से ज्यादा वोटिंग हुई थी। हालांकि, बाद में सामने आया कि राज्य में बड़ी संख्या में फर्जी वोटिंग होती रही है। इलेक्शन कमीशन ने यहां सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में वोटिंग और कड़ी मॉनिटरिंग के इंतजाम भी किए हैं।

## दिल्ली एमसीडी में लगातार दूसरे दिन आप-भाजपा पार्षदों में मारपीट

**शर्मनाक**

= रीकाउंटिंग के फैसले पर सचिव ने साइन करने से मना कर दिया। इस पर मेयर-निगम सचिव के बीच तल्ख बातचीत हो गई




**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** नगर निगम के स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी और भाजपा पार्षदों में एक बार फिर मारपीट हो गई। दरअसल, काउंटिंग के दौरान एक वोट को मेयर ने अनवैलिड घोषित कर दिया था। इसके बाद मेयर ने रीकाउंटिंग का आदेश दिया। इसी आदेश के बाद हंगामा शुरू हो गया। पार्षदों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। मारपीट में कई पार्षद घायल हो गए। एक पार्षद की हालत खराब हो गई। सूत्रों की मानें तो स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव में दोनों पार्टी के तीन-तीन सदस्य जीते थे। इन चुने हुए सदस्यों की लिस्ट पर मेयर शैली ओबेरॉय ने साइन करने से इनकार कर दिया। उन्होंने एक वोट को अनवैलिड बताकर रिकॉउंटिंग का आदेश दिया। रीकाउंटिंग के फैसले पर निगम सचिव ने साइन करने से मना कर दिया। इस पर मेयर और निगम सचिव के बीच तल्ख बातचीत हो गई।

## पेड पीरियड लीव की मांग पर सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**सुप्रीम** कोर्ट ने छात्राओं व कामकाजी महिलाओं के लिए माहवारी की छुट्टी (पेड पीरियड लीव) देने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि ये नीतिगत मामला है, हम इसमें दखल नहीं देंगे। हालांकि, कोर्ट ने याचिकाकर्ता को सरकार के पास अपनी मांग के साथ ज्ञापन देने की अनुमति दे दी। वकील शैलेंद्र मणि त्रिपाठी ने दायर याचिका में यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के एक शोध का हवाला दिया है, जिसके मुताबिक माहवारी के दौरान एक महिला को जितना दर्द होता है, उतना ही दर्द एक व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ने पर होता है। याचिका में कहा गया था कि इस तरह का दर्द एक कर्मचारी की उत्पादकता को कम करता है।

## 2023 में जीतेंगे तभी 2024 में एनडीए को हरा पाएंगे: पायलट



**जयपुर/टीम एक्शन इंडिया**
**पूर्व** उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट का मानना हैं कि 2023 में होने वाले कई राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस जीतेगी, तभी 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को हराया जा सकेगा। पायलट शुक्रवार को रायपुर में कांग्रेस के महाधिवेशन में हिस्सा लेने पहुंचे। पायलट ने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस अधिवेशन पर पूरे देश और कांग्रेसजनों की निगाहें टिकी हुई है। इसमें चर्चा के बाद कई प्रस्ताव पास होंगे। देश और कांग्रेस की भावी राजनीति की दिशा तय होगी।
पायलट ने कहा कि अधिवेशन से कांग्रेस में नया उत्साह आएगा। इसमें पन्द्रह हजार कांग्रेसी नेता इसमें शामिल हो रहे है। ये अधिवेशन बेहद अहम और सार्थक साबित होगा।

## दुनिया गहरी मंदी से बच सकती है: आरबीआई गवर्नर

**नई दिल्ली/टीम एक्श इंडिया**
**रिजर्व** बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने अनिश्चितताओं से घिरी वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने आने वाली चुनौतियों का दृढ़ता से समाधान करने का आह्वान किया।
उन्होंने जी-20 देशों से वित्तीय स्थिरता के प्रति उत्पन्न होने वाले खतरों और ऋण संकट जैसी अर्थव्यवस्था के सामने आने वाली चुनौतियों का दृढ़ता से समाधान करने पर जोर दिया।

## सरकार सुलभ बना रही किसानों की बाजार तक पहुंच: प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बजट के बाद कृषि और सहकारिता पर शुक्रवार को वेबिनार को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में हर बजट गांव, गरीब और किसानों का बजट रहा है। सरकार किसानों के लिए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों को सुलभ बनाने की दिशा में काम कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह बेबिनार केंद्रीय बजट-2023 में घोषित पहलों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विचारों और सुझावों की तलाश के लिए सरकार द्वारा आयोजित 12 पोस्ट-बजट वेबिनार की शृंखला में से दूसरा है। उन्होंने कहा कि 2014 में कृषि बजट 25,000 करोड़ से कम था। आज यह बढ़कर सवा लाख करोड़ से अधिक हो गया है।

## सेना ने दागी टैंक-रोधी गाइडेड मिसाइल 'ध्रुवस्त्र हेलिना'


**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**भारतीय** सेना ने पूर्वी लद्दाख में गलवान घाटी के पास रुद्र गनशिप से टैंक-रोधी गाइडेड मिसाइल (एटीजीएम) 'ध्रुवस्त्र हेलिना' दागकर सफल परीक्षण किया है। यह वही इलाका है, जहां से 2020 में भारत और चीन के सैनिकों में घातक खूनी संघर्ष हुआ था। इसमें भारत के 20 जवान शहीद हुए थे। इसी घटना के बाद से भारत और चीन के बीच उत्तरी सीमा पर गतिरोध ज्यादा बढ़ा है, जिसका समाधान निकालने के राजनीतिक, कूटनीतिक और सैन्य प्रयास चल रहे हैं। स्वदेश में ही विकसित हेलीकॉप्टर से लॉन्च की जाने वाली टैंक-रोधी मार्गदर्शित मिसाइल 'ध्रुवस्त्र हेलिना' विकास परीक्षण पूरे होने के बाद अब सीधे और शीर्ष हमले के मोड में है, जो नई सुविधाओं के साथ उन्नत है।
भारत ने पिछले साल 11-12 अप्रैल को लगातार दो दिन लद्दाख के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में स्वदेशी उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) से एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल 'ध्रुवस्त्र हेलिना' का परीक्षण किया था। इस मिसाइल ने परीक्षण में एक नकली टैंक लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाकर नष्ट कर दिया था।

## भारत का चुनाव आयोग स्वतंत्र निकाय: शिंदे




**मुंबई/टीम एक्शन इंडिया**
**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को कहा कि भारत का चुनाव आयोग एक स्वतंत्र निकाय है, जो योग्यता के आधार पर फैसले लेता है। हमारी सरकार नियमों के तहत बनी है। शिंदे का यह बयान एनसीपी प्रमुख शरद पवार के आरोप के बाद आया है। पवार ने कहा था कि भाजपा ने शिवसेना के नाम और सिंबल पर चुनाव आयोग के फैसले को प्रभावित करने के लिए अपनी पावर का दुरुपयोग किया। दरअसल, पवार ने कहा था किसी ने चुनाव आयोग से कुछ शिकायत की। उन्होंने फैसला सुनाया और शिवसेना और उसके चिन्ह को किसी और को आवंटित कर दिया। यह राजनीतिक दलों पर एक बड़ा हमला है। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने केंद्र में सत्ता में रहने वालों के पक्ष में फैसला लिया है। पवार ने यह बयान पुणे में अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों के कार्यक्रम में दिया था।
**पवार बोले- चुनाव आयोग का ऐसा फैसला कभी नहीं देखा:** चुनाव आयोग ने कुछ दिन पहले एक फैसला दिया। यह एक उदाहरण है कि कैसे एक संस्था का दुरुपयोग किया जा सकता है। हमने चुनाव आयोग का ऐसा फैसला कभी नहीं देखा है। चुनाव आयोग के पास अब तक कई मुद्दे उठाए गए थे, लेकिन कभी इस तरह का फैसला नहीं लिया। एक ऐसा फैसला जहां इसने किसी से छीनकर किसी और को एक राजनीतिक पार्टी दे दी।

सुखविन्द्र सिंह सुक्खू
मुख्य मंत्री
हिमाचल प्रदेश




अपील
मुख्य मंत्री राहत कोष

मानवता की सेवा ईश्वर की सेवा है। हमारी सरकार, मानवता की सेवा को अपना परम् कर्त्तव्य तथा गरीब एवं जरुरतमंद लोगों की सहायता को अपना पुनीत दायित्व मानती है। यह एक विशाल कार्य है, जो व्यापक जन-सहयोग के बिना पूरा नहीं हो सकता। इस महायज्ञ में, मैं आपसे **मुख्य मंत्री राहत कोष** में उदारतापूर्वक अंशदान की अपील करता हूँ।

**मुख्य मंत्री राहत कोष** से गरीब, असहाय, पीड़ित एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता की जाती है। **मुख्य मंत्री राहत कोष** में दिया गया अंशदान आयकर अधिनियम की धारा 80-जी के अंतर्गत आयकर से मुक्त है।

**मुख्य मंत्री राहत कोष** के लिए आप अपनी सहयोग राशि नकद, चैक या ड्राफ्ट द्वारा 'मुख्य मंत्री राहत कोष', संयुक्त सचिव (मुख्य मंत्री), हिमाचल प्रदेश सचिवालय, शिमला-171002 के नाम भेज सकते हैं अथवा 'नेट-बैंकिंग' के माध्यम से सीधे छोटा शिमला स्थित हि.प्र. सहकारी बैंक में 'मुख्य मंत्री राहत कोष' के खाता संख्या : 4060100315 (IFSC Code : HPSC0000406) अथवा एच.डी.एफ.सी. बैंक के खाता संख्या : 50200044568563 (IFSC Code : HDFC0004116) में जमा करवा सकते हैं। आप यह धनराशि हमारी वेबसाइट cmhimachal.nic.in पर 'ई-बैंकिंग' द्वारा अपने डेबिट या क्रेडिट कार्ड से भी भेज सकते हैं।

(सुखविन्द्र सिंह सुक्खू)



# लोकतंत्र में विपक्ष का मजबूत होना जरूरी: सीएम



**8 बजट में 2 हजार करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान किया गया है, जिसके माध्यम से अंत्योदय मेलो में स्वरोजगार के लिये बैंक ऋण उपलब्ध करवायेंगे**

**चंडीगढ़/पंचकूला/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विजन को सही मायने में चरित्रार्थ कर रही है और गरीब से गरीब व्यक्ति, जिनकी आय 1 लाख रुपये से कम है, उसकी आय 1 लाख 80 हजार रुपये तक करने की योजना बनाकर उनको लाभ दिया जा रहा है। वर्ष 2023-24 के बजट में 2 हजार करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान किया गया है, जिसके माध्यम से अंत्योदय मेलो में स्वरोजगार के लिये बैंक ऋण उपलब्ध करवायेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग जो बैंकों से लिए गए ऋण को समय पर वापस नहीं लौटा सके और बैंकों ने उनका सिबिल स्कोर देकर दुबारा ऋण देना बंद कर दिया था, उनकी सरकार द्वारा मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की पौने 2 करोड़ जनता को वे अपना परिवार मानते हैं। मुख्यमंत्री पंचकूला में आयोजित एक कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गरीबी हटाओ का नारा दिया परंतु गरीबी हटाई नहीं। हमने पिछले 8 वर्षों में समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को कैसे आगे लाया जाए, इसकी चिंता की है।

उन्होंने कहा कि पहले की सरकार में भूमि अधिग्रहण के नाम पर सरकार के लोग बिचोलियों को सस्ते दामों में किसानों से जमीन लेने की छूट दी जाती थी परंतु हमारी सरकार ने इसे बंद किया है। अब किसान अपनी मर्जी से कलेक्टर रेट या बाजार भाव पर अपनी जमीन सरकार को बेचने की पेशकश कर सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बेरोजगारी के नाम पर युवाओं को बहका रही है। वर्ष 2017 में सीएमआईई एजेंसी ने हरियाणा की बेरोजगारी दर 2 प्रतिशत दिखाई थी और बाद में उसी महीने उसने कभी 12 प्रतिशत, 24 प्रतिशत तथा 36 प्रतिशत दिखाई। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र एक अनूठा दस्तावेज है जो किसी भी देश में नहीं है। कई राज्यों ने हरियाणा की पीपीपी योजना का अध्ययन किया है।

**3600 वृद्ध व्यक्ति ऐसे, जो अकेले रहते हैं:** मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवार पहचान पत्र में ऐसी जानकारी मिली है कि 80 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजन ऐसे हैं, जो अकेले रहते हैं और सरकार ने निर्णय लिया है कि वृद्ध आश्रमों में इन व्यक्तियों की देख-भाल सरकार करेगी और पूरा खर्चा देगी। इसके लिए 2023-24 के बजट में भी प्रहरी योजना की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का ऐसा पहला राज्य है जहां वृद्धावस्था सम्मान भत्ता 2750 रूपए प्रतिमाह दिया जा रहा है।

**हरियाणा: प्रतिव्यक्ति जीएसटी संग्रह में भी देश के 19 बड़े राज्यों में पहले स्थान पर:** हरियाणा की प्रतिव्यक्ति जीएसटी संग्रह भी देश के 19 बड़े राज्यों में पहले स्थान पर है।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना का दायरा भी बढ़ाया गया है और इसके तहत तब 29 लाख से अधिक परिवारों को इस योजना में शामिल किया गया है और 5 लाख रूपए तक का फ्री इलाज की सुविधा सरकारी व निजी अस्पतालों में दी जाएगी। सरकार ने अभी हाल ही में निर्णय लिया है कि 1.80 लाख रुपये वार्षिक आय से अधिक आय वाले परिवार भी चिरायु योजना का लाभ ले सकते हैं। इसके लिए उन्हें 1500 रूपए प्रतिमाह जमा करवाने होंगे। उन्होंने कहा कि हम सब एक परिवार हैं। मेहनत कर हमें आगे बढना होगा। उन्होंने कहा कि सबका साथ-सबका विकास-सबका प्रयास का मतलब मेहनत कर आगे बढना है।

**'गन्ने की फसल के अधीन 2 लाख एकड़ क्षेत्र को लाने का लक्ष्य रखा गया'**: मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्ना उत्पादक किसानों को भी सूक्ष्म सिंचाई की ओर जाना चाहिए।

गन्ने की फसल के अधीन 2 लाख एकड़ क्षेत्र को लाने का लक्ष्य रखा गया है इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल, यमुनानगर के मेयर मदन चौहान, सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के पब्लिसिटी सलाहकार तरुण भंडारी तथा पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी, पूर्व विधायक लतिका शर्मा के अलावा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

# प्रदेश के बजट में हर क्षेत्र का विशेष ध्यान रखा गया: विज

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों ने विकसित भारत के लिए कदम बढ़ाने शुरू कर दिये हैं । इसी दिशा में गत दिवस प्रस्तुत किए गए प्रदेश के बजट में हर क्षेत्र जैसे कि कृषि, गांव, शहर, बिजली एवं पानी इत्यादि सबका विशेष ध्यान रखा गया है। इसी प्रकार, एसवाईएल नहर बनाने हेतु सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ते हुए पहली बार बजट में 101 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया गया है।

विज आज पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले जितनी भी सरकारें आई, उन्होंने विकसित भारत बनाने के लिए नहीं सोचा जबकि जो देश हमारे से बाद में आजाद हुए वे विकसित हो चुके हैं और हम आज भी विकासशील देश हैं और हमें आज भी भौतिक समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दर्शन से सरकारों ने बजट में परिवर्तन किया:** पत्रकारों से बातचीत के दौरान गत दिवस प्रस्तुत किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दर्शन से सरकारों ने बजट में परिवर्तन किया है और पैसा हर धमनी में जाए अर्थात हर कौने में जाए ताकि सारा प्रदेश विकसित हो, इस बारे में मुख्यमंत्री मनोहर लाल, जो प्रदेश के वित्त मंत्री भी हैं , ने बजट में चिंता दिखाई है।

**एसवाईएल नहर बनाने के लिए हम दृढ़ संकल्पित:** उन्होंने एसवाईएल के संबंध में कहा कि पिछली सरकारें एसवाईएल नहर बनाने के लिए लड़ती तो रही हैं लेकिन पहली बार मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बजट में 101 करोड़ रुपये का प्रावधान एसवाईएल के लिए रखा है जो एसवाईएल नहर बनाने हेतु सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। विज ने कहा कि एसवाईएल नहर बनाने के लिए हम दृढ़ संकल्पित हैं ।

# मुख्य सचिव ने परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए की बैठक

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 27 फरवरी, 2023 से शुरू होने वाली 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के सुचारू ढंग, निष्पक्ष व नकल रहित करवाने के उदेश्य से राज्यभर में विशेष प्रबंध किए गए हैं। मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल ने जिला उपायुक्तों को प्रशासन को परीक्षा केंद्रों के निकट भीड़भाड़ को रोकने और नकल पर अंकुश लगाने के लिए सभी केंद्रों के आसपास दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-144 लागू करने के निर्देश दिए। परीक्षा 27 फरवरी से 28 मार्च, 2023 तक प्रदेशभर में 1476 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। मुख्य सचिव ने परीक्षाओं के संचालन के दौरान कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए आज यहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला उपायुक्तों और पुलिस अधिक्षकों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। श्री कौशल ने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा स्कूलों की चारदीवारी और क्लास रूम की खिड़कियों की मरम्मत का कार्य सुनिश्चित करें। साथ ही परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के बैठने के लिए फर्नीचर की पर्याप्त व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।



**परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटोस्टेट की दुकानें रहेंगी बंद:** मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर बाहरी हस्तक्षेप को रोकने के लिए परीक्षा शुरू होने से दो घंटे पहले पर्याप्त पुलिस व्यवस्था तैनात की जाए। परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटोस्टेट की दुकानें बंद रहेंगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा केंद्रों के अंदर मीडिया का प्रवेश प्रतिबंधित होगा।

**नकल व अन्य अनियमितताओं पर अंकुश के लिए 302 उड़न दस्ते नियुक्त:** श्री कौशल ने संबंधित अधिकारियों को परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले उम्मीदवारों का प्रवेश सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि नकल और अन्य अनियमितताओं पर सख्ती से अंकुश लगाने के लिए करीब 302 उड़न दस्ते नियुक्त किए गए हैं।

## अग्निवीर योजना के तहत सेना में भर्ती प्रक्रिया शुरू

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
भारत सरकार की अग्निवीर योजना के तहत सेना में भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए हरियाणा के 6 जिलों नामतः पंचकूला, अंबाला, कैथल, करनाल, कुरूक्षेत्र, यमुनानगर और केन्द्र शासित प्रदेश चण्डीगढ़ के लिए पंजीकरण 15 मार्च,2023 तक किया जाएगा।

एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सभी योग्य लाभार्थी वेबसाईट पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह भर्ती रैली अग्निवीर (सामान्य कर्तव्य), अग्निवीर (तकनीकी), अग्निवीर (लिपिक/स्टोर कीपर तकनीकी) और अग्निवीर (ट्रेडमैन) के लिए आयोजित की जाएगी।

# शार्क टैंक शो की तर्ज पर हरियाणा सरकार युवाओं को बनाएगी

**8 योजना के तहत प्रदेश सरकार पांच करोड़ रूपए तक उसके निवेश में कैपिटल के तौर पर सहयोग करेगी**



**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा में स्टार्टअप शुरू करने वाले युवाओं के लिए प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। अब मशहूर शो शार्क टैंक इंडिया की तर्ज पर हरियाणा सरकार युवाओं को बिजनेसमैन बनाएगी। इसके लिए प्रदेश सरकार ने नए विजन के तहत बजट-2023-24 में प्रावधान किया है। योजना के तहत युवाओं के नए-नए बिजनेस आइडिया को साकार करने के लिए सरकार उन्हें फंड मुहैया करवाएगी। इसकी जानकारी हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने दी। इस बारे डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज प्रदेश के होनहार युवाओं के पास बिजनेस शुरू करने के लिए बेहतर आइडियाज है और इसके चलते नए-नए स्टार्टअप भी आ रहे है। उन्होंने कहा कि नए स्टार्टअप के लिए युवाओं को फाइनेंस की आवश्यकता होती है और इसमें नए युवाओं के सहयोग के लिए फंड, लोन उपलब्ध करवाने के लिए बैंकिंग सेक्टर भी हिचकिचाते हैं। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इसे देखते हुए हरियाणा सरकार ने बजट के माध्यम 200 करोड़ रुपए का वेंचर कैपिटल फंड का प्रावधान किया है।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि 200 करोड़ रूपए के वेंचर कैपिटल फंड में से कोई भी महिला, कोई एससी आवेदक या फिर कोई ऐसा युवा जिसके पास आय का साधन नहीं है लेकिन उसके पास स्टार्टअप का आइडिया है तो वो इस स्कीम का लाभ उठा सकेंगे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि योजना के तहत प्रदेश सरकार पांच करोड़ रूपए तक उसके निवेश में कैपिटल के तौर पर सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि इससे युवा अपने आइडिया से बिजनेस विकसित कर सकेंगे। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने यह भी जानकारी दी कि प्राइवेट कंपनियों को कौशलयुक्त और रोजगार सक्षम युवा उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं के कौशल विकास पर सरकार ने फोकस किया है और इसके लिए सरकार ने पलवल में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना की है। इसके साथ-साथ अब प्रदेश के आईटीआई संस्थानों में नए कोर्स शुरू शामिल करके उन्हें अपग्रेड किया जाएगा। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि खासकर इसमें एविएशन विषय को जोड़ा जाएगा क्योंकि उड्डयन क्षेत्र युवाओं के लिए सुनहरा भविष्य है। उन्होंने उदाहरण के तौर पर बताया कि टाटा कंपनी ने करीब 250 प्लेन ऑर्डर किए है। अगर इसमें एक प्लेन की बात करें तो इसमें आठ से दस पायलट, इतने ही केबिन क्रू स्टाफ और इसके अलावा बड़ी संख्या में ग्राउंड और टेक्निकल स्टाफ की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि आईटीआई संस्थानों में एविएशन से जुड़े कोर्स शुरू होने से समय पर एविएशन इंडस्ट्री को कौशल युक्त युवा मिल पाएंगे। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि नए विजन के तहत

# यूके की 'जीनस एबीएस व इंक्यूबे' कम्पनियों के साथ मिलकर कृषि

**चण्डीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि यूके की जीनस एबीएस व इंक्यूबे कम्पनियों के साथ मिलकर प्रदेश के किसानों को फसल प्रसंस्करण प्रबंधन, आधुनिक कृषि तकनीक, उत्कृष्टता केंद्र व भैंसो के नस्ल सुधार में सूचना एवं संचार प्रोद्योगिकी के माध्यम से तकनीकी के आदान-प्रदान पर काम किया जाएगा। दलाल ने यह बात आज यहां यूके के एक प्रतिनिधि मंडल के साथ हुई बैठक के दौरान कही। यूके प्रतिनिधि मंडल में ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिशनर चंढीगढ़ कैरोलिन रोवेट, भारत में यूके कृषि काउंसलर एम्बर चांडलर व जीनस एबीएस व इंक्यूबे कम्पनियों के पदाधिकारी भी शामिल थे। दलाल ने यूके के प्रतिनिधिमंडल को प्रदेश मे कृषि व संबंधित क्षेत्रों के बारे अवगत करवाते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य वर्ष 2030 तक फसल क्लस्टर विकास कार्यक्रमों, ताजे फल और सब्जियों के लिए आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करके, पैक हाउस स्थापित करना, किसान उत्पादक संघों के गठन के माध्यम से बागवानी के अधीन क्षेत्र को दोगुणा और बागवानी उत्पाद को तीन गुणा करना है। कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य में कई बागवानी फसलों के लिए स्थापित उत्कृष्टता केंद्र बागवानी में प्रोत्साहन और विकासात्मक गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए तीन नए उत्कृष्टता केंद्र पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट, प्याज और फूलों के लिए स्थापित होंगे । उन्होंने कहा कि शहद का विपणन करने के लिए राज्य में मधुमक्खी पालकों की सुविधा के लिए सरकार एक शहद गुणवत्ता प्रयोगशाला स्थापित करेगी और शहद व्यापार नीति तैयार करेगी ताकि मधुमक्खी पालको का इस ओर अधिक रूझान बढ़े। दलाल ने कहा कि ग्रामीण लोगों की आय बढ़ाने और रोजगार के अवसर पैदा करने में पशुपालन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पशुपालन क्षेत्र में उद्यमिता विकास को बढ़ाने के लिए हरियाणा पशुधन उत्थान मिशन योजना तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि भिवानी जिले के गढ़वा ग्राम की भूमि पर खारा प्रभावित क्षेत्रों के सुधार के लिये एकीकृत एक्वा पार्क सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जा रहा है। कृषि विभाग के निदेशक नरहरि सिंह बांगर, बागवानी विभाग के महानिदेशक अर्जुन सैनी भी उपस्थित रहे।

# स्थानीय निकायों में बीसी आरक्षण पर आयोग ने लिए सुझाव

**चण्डीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व न्यायाधीश दर्शन सिंह ने स्थानीय निकायों में पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण का प्रावधान किए जाने के लिए विभिन्न राजनैतिक पार्टियों से सुझाव एकत्र किए। हरियाणा निवास में आयोजित बैठक में कई राजनैतिक पार्टियों के पदाधिकारियों ने नगरपालिका, नगर परिषद एवं नगर निगमों के चुनाव में पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए आरक्षण के संविधान में किए गए प्रावधान अनुसार उचित आरक्षण दिए जाने बारे अपने सुझाव दिए।

बैठक में राजनैतिक पार्टियों के कुछ पदाधिकारियों का कहना था कि अब तक पिछड़े वर्ग के लोगों को निकायों में उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिला है । इसलिए पिछड़ा वर्ग के लोगों के लिए संविधान अनुसार 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया जाए। इसके अलावा कई राजनैतिक प्रतिनिधियों ने आयोग के समक्ष वर्तमान जनसंख्या अनुसार, बीसी ए व बी प्रावधान अनुसार, वंचित लोगों के लिए अलग से आरक्षण का प्रावधान किए जाने की भी मांग की। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने आयोग के अध्यक्ष दर्शन सिंह का पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए आरक्षण का प्रावधान किए जाने पर आभार व्यक्त किया।

# गुरुग्राम मेट्रो ने पिछले 10 महीनों में की बेहद प्रभावशाली प्रगति

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुग्राम मेट्रो ने पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले इस वित्त वर्ष के विगत 10 महीनों में बेहद प्रभावशाली प्रगति दिखाई है। वर्ष 2022-23 में जनवरी तक कुल 34.24 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है, जबकि वर्ष 2021-22 की इसी अवधि में 6.78 करोड़ का लाभ हुआ था, जो 405 प्रतिशत सुधार दशार्ता है। मुख्य सचिव संजीव कौशल, जो एचएमआरटीसी के अध्यक्ष भी हैं, ने आज हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचएमआरटीसी) के निदेशक मंडल की 51वीं बैठक के दौरान यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि सवारियों के साथ-



साथ अन्य वाणिज्यिक और विपणन गतिविधियों में वृद्धि के कारण राजस्व में वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष 8500 यात्री प्रतिदिन की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में दैनिक यात्रियों की संख्या भी 42000 प्रतिदिन हो गई है।

**यात्रियों की संख्या में और बढ़ोत्तरी तथा अतिरिक्त राजस्व जुटाने के लिए समिति गठित करने के निर्देश:** श्री कौशल ने एचएमआरटीसी के पिछले दस महीनों के राजस्व प्रदर्शन की सराहना की और यात्रियों को अंतिम मील कनेक्टिविटी प्रदान करके यात्रियों की संख्या में बढ़ोत्तरी करने तथा पार्किंग स्थल विकसित करके, विज्ञापन साइट की नीलामी/निविदा व किराया आदि के माध्यम से अतिरिक्त राजस्व जुटाने के लिए नए तरीके और साधन खोजने के लिए एक समिति गठित करने के भी निर्देश दिए।

**राजीव चौक से पंचगांव तक मेट्रो कनेक्टिविटी की परियोजना को भी मंजूरी दी गई:** मुख्य सचिव ने कहा कि बोर्ड ने एचएमआरटीसी द्वारा राजीव चौक से पंचगांव तक मेट्रो कनेक्टिविटी की परियोजना को भी मंजूरी दी गई। 20 स्टेशनों के साथ एमआरटीएस की कुल लंबाई लगभग 35 किलोमीटर होगी। बैठक में बताया गया कि हुडा सिटी सेंटर से से साइबर सिटी, गुरुग्राम तक 28.5 किलोमीटर लंबी मेट्रो परियोजना को भी पीएम गति शक्ति परियोजनाओं में शामिल किया गया है। यह परियोजना पहले से ही पीआईबी द्वारा अनुमोदित है और अब अंतिम अनुमोदन के लिए आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) के पास है। श्री कौशल ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के साथ फरीदाबाद और गुरुग्राम के बीच मेट्रो कनेक्टिविटी को डबल डेकर वाया-डक्ट के लिए भी विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एनसीटी दिल्ली सरकार से सराय-काले-खां (एसकेके)-शाहजहांपुर-नीमराना-बहरोड़ और सराय-काले-खां (एसकेके)-पानीपत आरआरटीएस कॉरिडोर की डीपीआर की मंजूरी देने का अनुरोध किया जाएगा।

## 95 हजार की राशि हडपने के लिए बना ली लूट की योजना

**जींद।** नरवाना खंड के गांव धमतान साहिब के निकट 10 दिन पहले ट्रैक्टर चालक ने ही 95 हजार रुपये हड़पने लिए खुद ही फर्जी लूट का ड्रामा रचा था। जिसमे उसने अपने साथी को भी शामिल किया था। सीआईए नरवाना ने फर्जी लूट की गुत्थी को सुलझाते हुए शुक्रवार को आरोपित चालक को गिरफ्तार कर लिया। गढ़ी थाना पुलिस ने आरोपित चालक को अदालत में पेश किया जहां से अदालत ने आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गांव कापसा कलां जिला सीतापुर यूपी निवासी वीरपाल ने गत 15 फरवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह गांव भूलन पंजाब से धान की पराली की गांठें भर कर कैथल छोडने जाता है।

# विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन हेतु आठ समितियां गठित

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने हरियाणा विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधित नियमों के नियम 190 (ख) के अंतर्गत आठ स्थाई समितियां बनाई हैं । प्रत्येक स्थायी समिति संबंधित विभागों की अनुदान मांगों पर विचार कर उनकी रिपोर्ट तैयार करेगी। स्थायी समिति रिपोर्ट में किसी भी प्रकार की कटौती प्रस्तावों का सुझाव नहीं देगी। प्रत्येक स्थायी समिति अपनी रिपोर्ट 17.03.2023 को सदन में प्रस्तुत करेगी और इससे अधिक समय के लिए नहीं कहेगी। विधायक गीता भुक्कल की अध्यक्षता में लोक प्रशासन तथा शासन समिति पर स्थायी समिति बनाई है। इस समिति में विधायक घनश्याम सराफ, दुड़ाराम, गोपाल कांडा, दीपक मंगला, भव्य बिश्नोई, जोगीराम सिहाग, इंदु राज, सुभाष गंगोली तथा धर्मपाल गोंदर स्थायी सदस्य होंगे। यह समिति विधानसभा, राज्यपाल तथा मंत्रिपरिषद, सामान्य प्रशासन, निर्वाचन, राजस्व और आपदा प्रबंधन, अग्निशमन कार्यालय (अग्निशमन सेवाये) तथा आबकारी एवं कराधान विभागों की अनुदान मांगों पर विचार कर उनकी रिपोर्ट तैयार कर पेश करेगी। दूसरी कमेटी विधानसभा उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा की अध्यक्षता में कानून एवं व्यवस्था तथा सुरक्षा पर स्थायी समिति गठित की गई है। इस समिति में विधायक भूपेंद्र सिंह हुड्डा, जयवीर सिंह, श्रीमती शकुंतला खटक, महिपाल ढांडा, मोहन लाल बडोली, राजेश नागर, रामनिवास



तथा नयन पाल रावत इसके स्थायी सदस्य होंगे। यह समिति गृह, जेल, न्याय प्रशासन विभागों की अनुदान मांगों पर विचार करेगी और उनकी रिपोर्ट तैयार कर पेश करेगी। तीसरी कमेटी विधायक असीम गोयल की अध्यक्षता में वित्त पर स्थायी समिति गठित की गई है। इस समिति में विधायक श्रीमती किरण चौधरी, अभय सिंह चौटाला, हरविंदर कल्याण, विनोद भयाना, आफताब अहमद, श्रीमती नैना सिंह चौटाला, सीताराम यादव तथा अमित सिहाग समिति के स्थायी सदस्य होंगे । यह समिति वित्त तथा संस्थागत वित्त एवं नियंत्रण, आपूर्ति एवं निपटान, आयोजन एवं सांख्यिकी तथा राज्य सरकार द्वारा अग्रिम एवं ऋण विभागों की अनुदान मांगों पर विचार करेगी और उनकी रिपोर्ट तैयार कर विधानसभा में पेश करेगी। चौथी कमेटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा की अध्यक्षता में कृषि तथा प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन पर स्थायी समिति गठित की गई है। इस समिति में विधायक मोहम्मद इलियास, विशन लाल सैनी, विशंभर सिंह, लक्ष्मण नापा, श्रीमती निर्मल रानी, बलवीर सिंह, शमशेर सिंह गोगी तथा रणधीर सिंह गोलन समिति के स्थायी सदस्य होंगे। यह समिति कृषि एवं किसान कल्याण, बागवानी, पशुपालन एवं डेयरी विकास, मत्स्य पालन, खनन एवं भू विज्ञान, पर्यावरण, वन एवं वन्य प्राणी विभागों की अनुदानों की मांगों पर विचार करेगी और उनकी रिपोर्ट तैयार कर विधानसभा में पेश करेगी।पांचवी कमेटी विधायक ईश्वर सिंह की अध्यक्षता में खाद्य एवं सहकारी क्षेत्र पर स्थायी समिति गठित की गई है। इस समिति में विधायक राव दान सिंह, धर्म सिंह छोकर, डॉ कृष्ण लाल मिड्डा, संजय सिंह, सुधीर कुमार सिंगला, सत्य प्रकाश, चिरंजीव राव तथा कुलदीप वत्स इस स्थायी समिति के सदस्य होंगे। यह समिति सहकारिता, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जातियां तथा पिछड़े वर्गों का कल्याण एवं अंत्योदय तथा भूतपूर्व सैनिकों का कल्याण विभागों की अनुदान मांगों पर विचार करेगी और उनकी रिपोर्ट तैयार कर विधानसभा में पेश करेगी।

# कृषि मंत्री जेपी दलाल 25 ,26 व 27 को सुनेंगे समस्याएं

**सिवानी मंडी/बवानी खेड़ा/भिवानी/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल 25 ,26 व 27 फरवरी को कई कार्यक्रमो में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर लोगों की समस्याएं सुनेंगे और किसानों/ग्रामीणों को संबोधित करेंगे। कृषि मंत्री के दौरा कार्यक्रम से प्राप्त जानकारी के अनुसार कृषि मंत्री 25 फरवरी को गोरमेंट गार्डन एवं नर्सरी ,अकबरपुर रोड पिनगवां ,जिला नूह में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर खरीफ ऑ नियन का शिलान्यास कर प्रगतिशील किसानों को संबोधित करेंगे और लोगों की समस्याएं सुनेंगे।कृषि मंत्री 26 फरवरी को सुबह 9:30 बजे रेडिसन होटल, सोहना रोड ,गुरुग्राम में किसान मोर्चा की बैठक में हिस्सा लेंगे। कृषि मंत्री बाद दोपहर एक बजे सिवानी के मदर इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिक उत्सव समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे और पुरस्कार वितरित करेंगे। कृषि मंत्री 26 फरवरी को बाद दोपहर 3:30 बजे जिला हिसार के गांव सिसाय में लोगों की समस्याएं सुनेंगे और खाप के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करेंगे। कृषि मंत्री जेपी दलाल बाद दोपहर 4:30 बजे जिला भिवानी के गांव बलियाली में चिराग फार्म द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### अंबाला में बिजली निगम की लापरवाही से एक व्यक्ति को टांग कटवानी पड़ी

**अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला में बिजली निगम की लापरवाही से एक व्यक्ति को टांग कटवानी पड़ी। कई दिन बाद होश आने पर पीड़ित ने बिजली निगम के खिलाफ पुलिस को शिकायत सौंप कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने कहा कि बिजली निगम की लापरवाही के कारण उसने अपनी एक टांग गंवानी पड़ी। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव रुपो माजरा निवासी लखबीर सिंह ने बताया कि वह अंबाला-हिसार रोड पर स्थित अग्रवाल फैक्टरी में चौकीदार की नौकरी करता है। 8 फरवरी को वह अपने घर से ड्यूटी के लिए अग्रवाल फैक्टरी में पैदल जा रहा था। शिकायतकर्ता ने बताया कि शाम 7 बजे जैसे ही वह फैक्टरी के सामने पहुंचा तो वहां साइड में खड़ा बिजली का पोल अचानक उसके बाए पैर पर आ गिर गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे परिजन उसे सिविल अस्पताल अंबाला सिटी लेकर चले गए। यहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। पीड़ित ने बताया कि पीजीआई में डॉक्टरों ने ज्यादा जख्म होने के चलते उसकी टांग घुटने से नीचे से काट दी। होश न आने के कारण वह उसी दिन से बयान देने की स्थिति में नहीं था। आरोप लगाए कि यह हादसा बिजली निगम की लापरवाही के कारण हुआ है।

### मानव चौक पर कई दिनों से दुर्घटनाओं का कारण बने गड्ढों को प्रशासन ने भरा

**अम्बाला (मनीष कुमार)** अम्बाला शहर के मानव चौंक पर पिछले कई दिनों से सिटी मीडिया में खबर प्रकाशित करने के बाद भी आज प्रशासन की ओर से खड्ढो को अस्थाई तौर पर तो भरा गया। गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से आस पास के रहने वाले लोगो ने शिकायत दी थी कि शहर के मानव चौक पर गड्ढो के कारण उन्हे भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार दो पहिया वाहन चालक चोटिल भी हो चुके है। लेकिन इतने दिन बीत जाने के बाद आज प्रशासन अपनी नींद से जागा और गड्ढो को भरने का काम शुरू किया गया। लोगो का कहना है कि देवीलाल चौक से पानी लगातार सड़क पर रिसता रहता है। जिसके कारण बार बार यह समस्या आती है और आगे भी आती रहेगी। जब तक इसकी निकासी का प्रबंध नहीं होता।

### सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार की मौत 1 घायल

**अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)** कैंटीन में सामान लेने जा रहे पूर्व सैनिक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी को सिर में चोटें आई हैं। हादसा नारायणगढ़-अंबाला सिटी रोड पर गांव छज्जू माजरा के पास हुआ। मृतक की शिनाख्त गांव लाहा निवासी भूपिंद्र सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, भूपिंद्र सिंह अपनी पत्नी सुरिंदर कौर के साथ बाइक पर कैंटीन से सामान लेने अंबाला आ रहा था। सुरिंदर कौर ने बताया कि जब वे गांव पटवी पार करके गांव छज्जू माजरा से पहले बने पुल के पास पहुंचे तो पीछे से एक तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर आई, जिसका चालक बिना हॉर्न दिए बाइक को ओवरटेक करने लगा।

### जिले में शुक्रवार को नहीं मिला कोरोना से संक्रमित कोई भी पोजिटिव केस: उपायुक्त सिवाच

**सोनीपत:** उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि शुक्रवार को जिला में कोरोना से संक्रमित कोई भी नया पोजिटिव केस नहीं मिला। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 59915 हो गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 277 हो गई है। अब तक जिला में 59 हजार 638 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब कोई भी कोरोना एक्टिव केस नहीं है।
जिला उपायुक्त ललित सिवाच ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपना टीकाकरण जरूर करवाए व पहले की तरह सतर्कता बरतते हुए प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा निदेर्शों की पालना अवश्य करे।

### सोनीपत में कोविड रोधी वैक्सीन का आंकड़ा हुआ 23 लाख के पार

**सोनीपत:** उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के को-वीन पोर्टल के आधार पर कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में सोनीपत जिला ने उल्लेखनीय कार्य करते हुए कोविड रोधी वैक्सीन का 23 लाख से अधिक डोज का आंकड़ा पार कर लिया है। जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग व जिलावासी बधाई के पात्र है।
उपायुक्त सिवाच ने कहा कि कोरोना को रोकने के लिए वैक्सीन सबसे बड़ा हथियार है। जिला में कोविड रोधी टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य विभाग विभिन्न टीकारकरण केन्द्र बनाए गए है जहां पर निशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है।

# हत्या के मामले में मुरथल थाना पुलिस पर मृतक के भाई ने उठाए सवाल

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
मुरथल थाना क्षेत्र के गांव बख्तावरपुर में घर के अंदर घुसकर तेजधार हथियार से युवक की हत्या करने व उसकी मां को गंभीर रूप से घायल करने के मामले में मृतक के भाई व ग्रामीणों ने मुरथल थाना पुलिस ने गंभीर आरोप लगाए है। परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस कमिश्नर कार्यालय में शिकायत देकर पुलिस कर्मचारियों से मदद की मांग की है। हत्या के मामले में हत्यारोपित फरार चल रहे है। पुलिस टीमें हत्यारोपितों को जल्द पकड़ने का दावा कर रही है, लेकिन



करीब 27 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपित को पकड़ने में फिसड्डी साबित हो रही है।

**यह था मामला-** गांव बख्तारपुर निवासी नीरज ने 29 जनवरी को मुरथल थाना पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि वह काम के सिलसिले में गांव बड़ौली गए थे। उनका आजाद के परिवार संग प्लॉट को लेकर विवाद है। जब वह बड़ौली में थे उनकी पत्नी रीतू ने कॉल कर कहा कि आप जल्दी घर आ जाओ। घर में पंकज पुत्र आजाद व उसका भाई प्रवेश आया हुआ है। वह हाथ में पिस्तौल व धारदार हथियार लिए हुए हैं। उसके साथ उनकी मां सुषमा जेली, उनके परिवार का परीक्षित पुत्र सुरेंद्र पिस्तौल व गंडासी, सरोज पत्नी सुरेंद्र डंडा, सुरेंद्र फरसा, मुकेश पत्नी बलजीत जेली, बलजीत फरसा, नीटू व उसका भाई निशु फरसा, नीटू का भांजा करेवड़ी निवासी अक्षय गंडासी लिए है। उनके साथ दो अन्य युवक भी है। हमलावरों ने उनके भाई धीरज, पिता ओमप्रकाश व मां कृष्णा देवी पर धारदार हथियार व डंडों से हमला किया है। आरोपितों ने धीरज की गर्दन, चेहरे, सीने, पेट, हाथ, पैर व कमर पर कई वार किए हैं। उनकी मां कृष्णा के भी चेहरे, सिर, हाथ, पैर व अन्य जगह पर काफी चोट मारी है। उनके पापा के हाथ पर भी चोट लगी है। वह तीनों को लेकर पार्क निदान अस्पताल में पहुंचे। जहां पर धीरज व उनकी मां कृष्णा देवी को भर्ती कराया गया। जहां पर धीरज की मौत हो गई। मुरथल थाना पुलिस ने नीरज के बयान पर सभी आरोपितों के खिलाफ हत्या समेत अन्य अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने नागरिक अस्पताल में शव का का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया था।

## परम बब्बर गैंग से जुड़े 2 बदमाशों को को किया काबू

**अम्बाला (मनीष कुमार)**
अंबाला में दहशत फैलाने वाले परम बब्बर गैंग से जुड़े 2 बदमाशों को अंबाला सीआईए-2 ने काबू किया है। बदमाशों के कब्जे से 2 देसी पिस्टल और 1 जिंदा रौंद बरामद हुआ है। सीआईए ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी है, जिसमें कई वारदात सुलझने की उम्मीद हैं। सीआईए -2 को सूचना मिली कि विक्रांत बाइक पर सवार गांव डुलयाणी निवासी साहिल और गांव जमाल माजरा निवासी गुरप्रीत सिंह परम बब्बर गैंग से जुड़े हुए हैं और वह इलाके में दहशत फैला रहे हैं। दोनों बदमाश मुलाना से दोसड़का की तरफ जा रहे हैं। सीआईए ने तुरंत बंद पड़े पेट्रोल पंप के पास नाकाबंदी कर-के तुरंत दोनों बदमाशों को काबू किया। तलाशी लेने पर बाइक चालक बदमाश साहिल के कब्जे से 1 पिस्टल व 1 जिंदा रौंद और पीछे बैठे गुरप्रीत सिंह से 1 पिस्टल बरामद हुई। मुलाना थाना में आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।
पुलिस को दी शिकायत में गांव धनौरा निवासी रवि कुमार ने बताया कि वह भारती पेट्रोल पंप (धनौरा) में सेल्समैन की नौकरी करता है।
बीते शनिवार दोपहर बाद करीब 3 बजे वह पंप पर अपनी ड्यूटी दे रहा था। इसी बीच, बिना नंबर प्लेट की बाइक सवार होकर 2 नकाबपोश बदमाश आए और बोले की फटाफट कैश निकाल। शिकायतकर्ता ने बताया कि बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने अपने हाथ में पिस्टल ली हुई थी।

## उपमुख्यमंत्री गृह मंत्री विज के निवास स्थान पर उनका हालचाल जानने पहुंचे



**अम्बाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा** के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने शुक्रवार को अम्बाला छावनी शास्त्री कालोनी स्थित गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के निवास स्थान पर उनसे मिलकर उनका कुशलक्षेम पूछा। यहां बता दें कि पिछले सप्ताह गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज के सिर में जो गांठ थी, उसकी पीजीआई चण्डीगढ़ में सर्जरी हुई थी। इसी के चलते आज उपमुख्यमंत्री ने उनसे मिलकर उनका कुक्षलक्षेम पूछा है।
इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज जल्द स्वस्थ एवं तंदरूस्त हों, इसकी वे कामना करते हैं। बीते कल जो बजट पेश किया गया है वह बेहतरीन बजट है। बजट में प्रत्येक वर्ग को सरकार ने छुआ है, विभाग वाईज जो बाते रखी गई थी, उसमें भी पहले की अपेक्षा 11 प्रतिशत वृद्धि हुई है। मैं यह मानता हूं कि जो चहुंमुखी विकास हरियाणा का हमारी सरकार चाह रही थी, उसको हमने छुआ है।

## बेबी शौ में नव ज्योति के छात्र दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

**गन्नौर।** क्रेडिट कार्ड का पिन जनरेट करने के नाम पर कॉल करने वाले साइबर ठग ने खुद को क्रेडिट कार्ड से अधिकारी बताने के बाद लकड़ी के मिस्त्री के साथ ठगी कर ली। ओटीपी पूछने के बाद बैंक अकाउंट से करीब 70 हजार रुपए निकाल लिए। एचएसआईआईडी बड़ी पुलिस थाना में व साइबर हेल्प नंबर पर सूचना देने के बाद केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में रेलवे रोड पर स्थित मलिक धर्म कांटा के नजदीक करने वाले योगेश ने बताया कि उसके पास स्टेट बैंक आफ इंडिया का क्रेडिट कार्ड है। कुछ दिन पहले उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। जब उसने कॉल रिसीव एक व्यक्ति ने खुद को एसबीआई क्रेडिट कार्ड से अधिकारी बताया।

## मांगों को लेकर सरकार पर बरसे रिटायर्ड पेंशन कर्मचारी


**अम्बाला (मनीष कुमार)**
अम्बाला शहर में आज अपनी विभिन्न मांगो को लेकर रिटायर कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी वह उपायुक्त कार्यालय में देने पहुंचे। रिटायर कर्मचारियों का कहना था कि वह लंबे समय से अपनी मांगो को लेकर संघर्ष कर रहे है। लेकिन उनकी मांगे अभी तक सरकार ने नहीं मानी। रिटायर कर्मचारियों ने कहा कि 58 वर्ष की आयु तक उन्होनें सरकारी विभागों में सेवा दी। ऐसे में सरकार को रिटायर कर्मचारियों के बारे में भी सोचना चाहिए। रिटायर कर्मचारियों ने कहा कि 65, 70, 75 वर्ष की आयु पुरी होने पर मूल पेशंन में 5, 10 व 15 प्रतिशत



तक की बढ़ोत्तरी कि जाए। उन्होनें यह भी कहा कि पढ़ोसी राज्यों में सरकारों ने यह प्रावधान दिया हुआ है। लेकिन हरियाणा सरकार अभी तक वरिष्ठ नागरिकों को यह सुविधा नहीं दे रही है। उन्होनें कहा कि मेडिकल भत्ता 1 हजार रूपए से बढ़ा कर 3 हजार रूपए प्रति माह बढ़ाया जाए। क्योकिं बढ़ती आयु में ईलाज पर भी अधिक खर्च आता है। इसलिए अधिक दवाओं की आवश्यकता होती है। जबकि दवाइयों के दाम आसमान छू रहें है। वरिष्ठ नागरकिों का कहना था कि कैशलेस ईलाज की सुविधा सभी बिमारियों के लिए लागू कि जाए। 2021 में विधानसभा में घोषणा भी कि गई थी। लेकिन अभी तक इसे लागू नहीं किया गया।

# ग्लोबल वार्मिंग-कारण और निवारण विषय पर सेमिनार का किया आयोजन

**अम्बाला (मनीष कुमार)**
आर्य गर्ल्ज कॉलेज, अम्बाला छावनी के प्रांगण में एन.एस.एस. यूनिट, इको क्लब एवं ई.वी.एस. सैल द्वारा ह्यह्यग्लोबल वार्मिंग - कारण और निवारणह्लह्ल विषय पर एक दिवसीय सैमीनार का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत डॉ. मीनू राठी, असिस्टेंट प्रोफेसर बोटनी, जी.एम.एन. कॉलेज ने पी.पी.टी. के माध्यम से अपना व्याख्यान रखा। यह कार्यक्रम रीजनल डायरेक्टर, दिल्ली के निर्देशन में ह्यह्यमिशन लाइफह्लह्ल के तहत एन.एस.एस. प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. अनीता गोदारा, डॉ. अनु वर्मा के देखरेख में किया गया जिसका उद्देश्य ग्लोबल वार्मिंग के कारण और निवारण के लिए छात्राओं और





स्वयं सेविकाओं को जागरूक करना है जिससे कि स्वयंसेविकाएं अपने गोद लिए हुए गांवों में जाकर प्रत्येक नागरिक को जागरूक कर सकें और उन्हें समझा सकें कि किस प्रकार से पराली न जलाने से, दवाइयां न डालने से, प्लास्टिक को ना कहकर, ए.सी. और प्रदूषण फैलाने वाली आधुनिक चीजों का यापन छोड़कर किस तरह से वातावरण को बचाया जा सकता है, आदि विषयों पर लोगों को जागरूक कर सकें। इस अवसर पर मुख्यातिथि द्वारा पौधारोपण भी किया गया। व्याख्यान की शुरूआत में कॉलेज प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्य ने छात्राओं को प्रेरित किया कि वातावरण को स्वच्छ रखना हमारा पहला धर्म है एवं इस तरह के सैमीनार से जागरूक होकर एक सांझा प्रयास द्वारा ही आजकल के विनाशकारी भूकम्प, समुद्री आपदा, जल संकट इत्यादि से बचा जा सकता है। रिसोर्स पर्सन डॉ. मीनू राठी ने डाटश आधारित ग्लोबल वार्मिंग के कारण और बचाव बताए। उन्होंने कहा कि किस तरह से हम अपनी दिनचर्या को बदल कर छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर, जल बचा कर, मानव और प्रकृति का तालमेल बैठाकर पृथ्वी पर जीवन बचा सकते हैं क्योंकि प्रकृति है तो जीवन है। जीवन है तो प्रकृति है। इस कार्यक्रम में ई.वी.एस. इंचार्ज वंशिका, कम्प्यूटर सहयोगी सन्नी एवं मीडिया सहयोगी मुकेश के सहयोग से सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में लगभग 95

## सीए प्रोफेशन असंख्य स्टेकहोल्डर्स के साथ साथ भारत की छवि के लिये भी उत्तरदायी: अनिकेत तलाटी



**चंडीगढ़:** चार्टेड अकाउंटेंसी एक जिम्मेवार प्रोफेशन है जिनके भरोसे से औसतन वार्षिक तीस लाख से भी ओडिट किये जाते हैं । एक चार्टेड अकाउंटेंड अपने क्लाईट के साथ साथ असंख्य स्टेकहोल्डर्स सहित सबसे सर्वोपरि भारत की छवि के लिये भी उत्तरादायी है। यह बात देश में लगभग पौने चार लाख रजिस्टर्ड सीए और लगभग आठ लाख सीए स्टूडेंट्स का प्रतिनिधितत्व करने वाली सर्वोच्च संस्थां - दी इंस्टीच्यूट ऑफ चार्टेड अकाउंटेंड्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिकेत सुनील तलाटी ने शुक्रवार को होटल शिवालिकवू में आयोजित अपने सम्मान समारोह के दौरान कही। तिलाटी गत दिनों राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद आईसीएआई की उत्तरी क्षेत्र की ब्रांचों के दौरे पर हैं जो जम्मू, अमृतसर, जालंधर और लुधियाना के बाद शुक्रवार को चंडीगढ़ पहुंचे। अपने संबोधन में तिलाटी ने कहा कि सीए अपने प्रोफेशन के प्रति कर्तव्यनिष्ठ रहे और निष्काम राष्ट्रीय निर्माण में अपना सहयोग देते रहे। उन्होंनें बल दिया कि आईसीएआई का मिशन नॉलेज, स्किल और प्रोफेशनल वैल्यूज की एक मजबूत नींव प्रदान करना है जो सीए स्टूडेंट्स को पेशेवरों के रुप में विकसित करने और उनके प्रोफेशनल करियर में बदलाव के अनुकूल होने में सक्षम बनाता है। उन्होंनें कहा कि 1 जुलाई से आईसीएआई जो कि पार्लियमेंट एक्ट द्वारा पारित है अपने असितत्व के 75 वर्ष पूरा कर रहा है जिसे अब पूरी दुनिया में एक ब्रांड के रुप में विकसित करने की जरुरत है। कार्यक्रम के दौरान आईसीएआई की गत वर्ष देशव्यापी एमएसएमई यात्रा पर चर्चा कि गई जिसके माध्यम से 1.57 करोड़ एमएसएमई की नई रजिस्ट्रेशन हुई।

## आर्य कालेज में आज होगा प्रेरणा उत्सव नेशनल मीडिया फेस्टिवल का आयोजन

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**



आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के जनसंचार विभाग द्वारा 25 फरवरी को प्रेरणा उत्सव 2023 नेशनल मीडिया फेस्टिवल का शानदार आयोजन महाविद्यालय के ओपी शिंगला सभागार व कॉन्फ्रेंस हॉल में होगा। इस उत्सव में पंजाब,चंडीगढ़, दिल्ली व हरियाणा के लगभग 20 से 25 विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढकर भाग लेंगे। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय मीडिया फेस्टिवल में विभिन्न महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों से भाग लेने वाले प्रतिभागी न्यूज रीडिंग, आरजे हंट, फ ोटो कैप्शन राइटिंग, एड मैड शो, न्यूज रिपोर्टिंग, ऑन स्पॉट फोटोग्राफी, पेज मेकिंग और शॉर्ट मूवी में भाग लेंगे।

# आईबी कालेज के दो विद्यार्थी रहें नृत्य में प्रथम

**8 सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। छात्र अक्षित एवं सागर ने अपना युगल नृत्य प्रस्तुत किया**

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
पाइट मेटोस के अन्तर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र अक्षित एवं सागर ने अपना युगल नृत्य प्रस्तुत किया। जिसमें हरियाणा की संस्कृति के बहिरंग को नृत्य के माध्यम से उकेरा गया। उन्होंने



प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने महाविद्यालय का नाम रोशन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ.अजय गर्ग ने कहा कि आज के इस आपादापी के माहौल में नृत्य और संगीत हमें अवसाद, अकेलेपन, निराशा से दूर रखने का अहम् कार्य करता है। अतः हमें उत्साह के साथ अपनी प्रतिभानुसार इस तरह के आयोजनों में अपनी भागीदारी दिखानी चाहिए। वहीं कार्यक्रम के प्रभारी डॉ.निधान सिंह ने दोनों छात्रों का उत्साहवर्द्धक करते हुए साधुवाद दिया।

# 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं पूर्ण पारदर्शिता के साथ करवायेंगे संपन्न: उपायुक्त

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के अंतर्गत 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं पूर्ण पारदर्शिता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न करवायेंगे। इसके लिए जिला में 85 केंद्र बनाये गये हैं, जिन पर10वीं व 12वीं के 35593 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे।
हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के सफल संचालन को लेकर शुक्रवार को दोपहर बाद विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से उपायुक्तों, पुलिस अधिकारियों तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल कर रहे थे। बैठक में उन्होंने



जिलावार हर प्रकार की तैयारियों की रिपोर्ट तलब करते हुए विशेष दिशा-निर्देश भी दिए। उपायुक्त ललित सिवाच ने प्राप्त दिशा-निर्देशों की पूर्ण अनुपालना का भरोसा देते हुए सुनिश्चित किया कि बोर्ड परीक्षाएं सफलतापूर्वक संचालित करवाई जाएगी।
विडियो कान्फ्रेंस के उपरांत उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए विस्तार से परीक्षाओं के आयोजन को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि बोर्ड परीक्षाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। पूर्ण पारदर्शिता के साथ सुचारू रूप से संचालन करवायें। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से हर संभव मदद दी जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस की तैनाती करते हुए सुरक्षा प्रबंधों को सुदृढ़ किया जाएगा।
उन्होंने कहा कि धारा-144 के आदेश जारी कर दिए गए हैं।
उपायुक्त ने बताया कि 10वीं-12वीं की परीक्षाओं के लिए सोनीपत में बनाये गये 85 परीक्षा केंद्रों में से 12 परीक्षा केंद्र विशेष रूप से 10वीं कक्षा के लिए तथा 11 केंद्र 12वीं कक्षा की परीक्षाओं के लिए बनाये गये हैं। शेष 62 परीक्षा केंद्रों पर 10वीं व 12वीं दोनों ही कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाएं ली जाएगी। परीक्षा का समय दोपहर 12:30 बजे से 03:30 बजे तक का निर्धारित किया गया है।
उन्होंने जानकारी दी कि सोनीपत में 10वीं की परीक्षा 17394 तथा 12वीं की परीक्षा 18199 छात्र-छात्राएं देंगी।
इस दौरान उपायुक्त सिवाच ने सभी परीक्षा केंद्रों पर हर प्रकार की उचित व्यवस्थाओं के निर्देश दिए, जिसकी जांच के लिए उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी की ड्यूटी लगाई। साथ ही उन्होंने कहा कि परीक्षाओं के दौरान उडनदस्ते नियमित रूप से जांच करेंगे।

# सड़क का निर्माण कार्य वार्ड-3 पार्षद सुरेंद्र मदान ने किया शुभारंभ

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
वार्ड -3 की न्यू चिंतपूर्णी कॉलोनी में सड़क निर्माण कार्य आज वार्ड-3 पार्षद सुरेंद्र मदान ने शुरू किया। इस अवसर परवार्ड-3 पार्षद सुरेंद्र मदान ने न्यू चिंतपूर्णी कॉलोनी निवासियों ने कहा कि वे इन सड़कों के यथाशीघ्र निर्माण के लिए सदा से सक्रिय रहते चले आ रहे हैं लेकिन कुछ आवश्यक प्रक्रियाओं में समय लगने और सड़क निर्माण के दौरान संभावित अवरोधों के कारण सड़क कार्य में कुछ विलंब हो गया, जिसके लिए उन्हें खेद है। उन्होंने कहा कि वार्ड-3 की सभी नागरिक



सुविधाओं पर वे बराबर नजर रखते हैं और समय आने पर हर समस्या का समाधान निकालने की कोशिश की जाती है। इस अवसर पर संबंधित निवासियों से मदान ने आग्रह किया कि वे सड़क निर्माण के दौरान अपना निरंतर सहयोग एवं धैर्य बनाए रखें और सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर भी बराबर नजर रखें और किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर वह उन्हें सूचित करें।

# रेड क्रॉस का पांच दिवसीय शिविर सम्पन्न

## विजेता विद्यार्थियों तथा संचालन सहयोगियों को किया सम्मानित

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
रेड क्रॉस सोसाइटी पानीपत द्वारा भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी चंडीगढ़ के सौजन्य से जिला उपायुक्त व अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी पानीपत सुशील सारवान के निर्देशन में पांच दिवसीय जूनियर रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जीटी रोड में किया गया। शिविर के समापन पर पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी बृजमोहन गोयल ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। कैंप निदेशक विनोद छौक्कर ने पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। मंच संचालक गुलाब पांचाल ने किया। बृजमोहन कोयल ने अपने संबोधन में कहा कि इस



प्रकार की कार्यशाला में प्राप्त ज्ञान का प्रयोग आप आवश्यकता पड? पर अवश्य करें ताकि प्रभावित व्यक्ति का जीवन बचाया जा सके। उन्होंने शिविर के दौरान आयोजित की गई प्रतियोगिताओं के विजेता तथा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

ये रहे विजेता


एकल गीत में प्रथम स्थान पर संयुक्त रूप से किरण राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय छाजपुर खुर्द, अरमान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मछरौली रहे। द्वितीय स्थान तमन्ना राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अहर तथा तृतीय स्थान प्राची राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिठाना रहे।

**8 शिविर का आयोजन राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जीटी रोड में किया गया**

समूह गान में प्रथम स्थान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सौदापुर, द्वितीय स्थान राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय छाजपुर खुर्द तथा तीसरा स्थान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करहंस ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंशिका द्वितीय स्थान अमन तथा तीसरा स्थान प्राची ने प्राप्त किया। एकल नृत्य में प्रथम स्थान वंशिका राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहपुर ,द्वितीय स्थान सिमरन राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय छाजपुर खुर्द, मोनू राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सौदापुर ने प्राप्त किया। स्लोगन में प्रथम स्थान मीनाक्षी, द्वितीय स्थान जुनैद तथा तीसरा स्थान एस्मा ने प्राप्त किया। वही पेंटिंग में प्रथम स्थान मोनू द्वितीय स्थान खुशी तथा तृतीय स्थान किशन ने प्राप्त किया। इस अवसर पर रेड क्रॉस पानीपत द्वारा प्रशिक्षक नीरज सैनी, रोहिणी, सुरेंद्र राठी व मंच संचालक गुलाब पांचाल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। अंत में कैंप निदेशक विनोद चोपड़ा ने पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की सफलता के लिए सभी प्रशिक्षकों एवं रेड क्रॉस के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रबंधन व्यवस्था में कला भारद्वाज, कुलदीप देशवाल के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों के अनेक अध्यापक उपस्थित रहे।

# 'शुगर मिल में अगले सीजन से नहीं लिया जाएगा नकली वैरायटी 160 का गन्ना'

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
पानीपत जिला के काफी किसानों ने गन्ने की नकली वैरायटी 160 की बिजाई की हुई है। इस वैरायटी के गन्ने में चीनी की रिकवरी तो बहुत कम होती है लेकिन इसके गन्ने में वजन ज्यादा होता है। इससे शुगर मिल को आर्थिक रूप से नुकसान होता है। हालांकि यह वैरायटी हरियाणा शुगर मिल फैडरेशन द्वारा प्रमाणित नहीं है लेकिन कुछ किसान फिर भी इस वैरायटी की रोपाई कर देते है। लेकिन अब शुगर मिल की गन्ना विभाग की टीमों द्वारा गांव-गांव जाकर इस नकली वैरायटी 160 के गन्ने की अगले सीजन के लिये रोपाई नहीं करने की अपील किसानों से की जा रही है। इस बारे में शुगर मिल के एमडी नवदीप सिंह नैन ने बताया कि अगले सीजन में इस वैरायटी के गन्ने को मिल द्वारा बिल्कुल भी नहीं लिया जाएगा



और यदि किसी किसान ने इसकी रोपाई की हुई है तो उसको अभी उखाड़ दिया जाये ताकि किसान को आगे चलकर कोई परेशानी न आये। मिल के गन्ना प्रबंधक करतार सिंह ने कहा कि गन्ना विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर किसानों को इस वैरायटी के गन्ने की रोपाई नहीं करने और किसी ने पहले से रोपाई की हुई तो उसको उखाडने की अपील कर रही है।

## न्यूज फ्लैश

### दिल्ली के विलक्षण बच्चों ने बॉर्न टू शाइन स्कॉलरशिप जीतकर नाम रोशन किया

**दिल्ली।** देश ने दिल्ली की विलक्षण प्रतिभाओं जैसे किंजल जेना (14), कुहू शर्मा (8), अन्वेषा मोहन (13), योशिता शर्मा (12), तमन्ना पोखरिया (13), सायशा चौधरी (7) और कई ऐसी प्रतिभाओं का संज्ञान लिया जिन्होंने बोर्न टू शाइन इवेंट में स्कॉलरशिप अर्जित की। उनकी अद्भुत प्रतिभा और उत्कृष्ट दृढ़ता के कारण उन्हें 4 लाख रुपये की छात्रवृत्ति से सम्मानित किया गया और सम्माननीय मेंटरशिप प्रोग्राम में भी सदस्यता मिली। बॉर्न टू शाइन स्कॉलरशिप जी एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड और गिव इंडिया के संयुक्त तौर पर देश के 30 विलक्षण बच्चों को दी गयी है।

दिल्ली की एक छात्रा अन्वेषा मोहन ने 5 साल की उम्र में कथक नृत्य शुरू किया था। उनका सपना है कि कथक को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दुनिया के सामने ले जाना और इस सुंदर भारतीय नृत्य रूप को उसकी असल महिमा में देखना। अपनी बड़ी बहन से प्रेरित, किंजल जेना अपने असाधारण ओडिसी प्रदर्शनों के लिए देश भर में प्रशंसा प्राप्त कर रही हैं। सीखने की ललक के साथ, किंजल अपने छात्रवृत्ति के पैसे का उपयोग इस विषय में करना चाहती हैं और ओडिसी में गहन प्रशिक्षण में संलग्न हैं।कुहू शर्मा एक भारतीय शास्त्रीय गायिका हैं जिन्होंने अपनी गायन यात्रा 3 साल की उम्र में अपनी मां की देखरेख में शुरू की थी। वह दुनिया भर में प्रदर्शन करने और भारतीय शास्त्रीय संगीत को नए मानकों पर ले जाने का सपना देखती हैं।इस प्रतिष्ठित जगह के लिए विजेता प्रतिभाओं ने देश भर में 5,000 से अधिक लड़कियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा की। कलाकारों के लिए, उनकी कला न केवल उनकी प्रतिभा के रूप में बल्कि उनके अनुशासन, दृढ़ विश्वास और दृढ़ता में भी प्रकट होती है।

सुमित तायल, सीओओ, गिव कहते हैं, हमारा लक्ष्य प्रतिभाशाली बच्चों को उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाने में मदद करना है, उनके समाज के लिए रोल मॉडल और चेंज-मेकर बनना है। इस स्कॉलरशिप के साथ, हमारा उद्देश्य इन बच्चों को सभी सक्षमता प्रदान करना है। जिससे की वह उचित सलाह लें पाये और उन्हें और अधिक मेहनत करने के लिए प्रोत्साहन मिले। मि. उमेश कुमार बंसल, सीनियर एग्जीक्यूटिव वाईस प्रेसिडेंट, जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने कहा, मुझे यकीन है कि स्कॉलरशिप और मेंटरशिप प्रोग्राम विलक्षण प्रतिभाओं को और बढ़ाने में मदद करेगा और इन विलक्षण प्रतिभावान बच्चियों को प्रेरीत करेगा की वह खुद को सर्वश्रेष्ठ बनाएं और अपने लक्ष्यों की ओर और प्रगाढ़ रूप से काम करें।

### फेनेस्टा ने ग्रेटर नोएडा में किया अपनी रीटेल मौजूदगी का विस्तार

**ग्रेटर नोएडा।** भारत के सबसे बड़े विंडो एवं डोर ब्राण्ड तथा इस सेगमेन्ट में मार्केट लीडर फेनेस्टा ने एक और शोरूम की ओपनिंग के साथ अपनी रीटेल मौजूदगी के विस्तार की घोषणा की है। यह एक्सक्लुजिव शोरूम जी-39, फर्स्ट फ्लोर, साईट 4, सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा- 201306 पर स्थित है। यह शोरूम उपभोक्ताओं को सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता के यूपीवीसी दरवाजे और खिड़कियां, एलुमिनियम दरवाजे और खिड़कियां, इंटरनल और डिजाइनर दरवाजे. उपलब्ध कराएगा। नए शोरूम के लॉन्च के अवसर पर फेनेस्टा के बिजनेस हैड साकेत जैन ने कहा, हमारी कारोबार रणनीति में दो मुख्य पहलु शामिल हैं- एक उपभोक्ता उन्मुख दृष्टिकोण और दूसरा अधिक से अधिक उपभोक्ताओं तक पहुंचना। इसी को ध्यान में रखते हुए हम लगातार नए शोरूमों का लॉन्च कर रहे हैं और विभिन्न डिजाइनों के साथ अपने पोर्टफोलियो का विस्तार कर रहे हैं। इस नए लॉन्च के साथ, हम चाहते हैं कि उपभोक्ता हमारे प्रोडक्ट्स की व्यापक रेंज के बारे में जान सकें और सोच-समझ कर अपनी पसंद के सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्ट्स खरीद सकें। इस लॉन्च के साथ फेनेस्टा अपने मौजूदा एवं भावी उपभोक्ताओं को इंटरैक्टिव एवं सूचनाप्रद सेवाओं का अनुभव प्रदान करेगा। फेनेस्टा के शोरूम उपभोक्ताओं की पहुंच बढ़ाने तथा इसे मार्केट लीडर के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

भारत के यूपीवीसी विंडो एवं डोर उद्योग में तेजी से विकसित होते हुए, ब्राण्ड अपने मार्केट शेयर को बढ़ाने तथा भविष्य में अपनी अग्रणी स्थिति को बरकरार रखने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा, अब तक की हमारी यात्रा शानदार रही है और आने वाले सालों में हम भी लगातार विकास के लिए तैयार हैं। हमारी उग्र विपणन रणनीति, उत्पादों की व्यापक रेंज तथा दूसरे एवं तीसरे स्तर के शहरों में तेजी से रीटेल विस्तार के चलते हम अपने लक्ष्यों को हासिल कर सकेंगे। हमने अपनी विस्तार रणनीति इस तरह से तैयार की है कि यह उपभोक्ताओं को उत्पादों के बारे में उचित जानकारी और खरीद का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान कर सके। इस मौके पर हम अपने सभी साझेदारों और उपभोक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करना चाहते हैं जिन्होंने हमारे कारोबार को कामयाबी की इस ऊँचाई तक पहुंचाने में अपना योगदान दिया है। ग्रेटर नोएडा में स्थित फेनेस्टा का यह नया शोरूम विभिन्न डिजाइनों और रंगों में दरवाजों एवं खिड़कियों की व्यापक रेंज प्रस्तुत करेगा। इस लॉन्च के साथ फेनेस्टा अब देश के 350 से अधिक शहरों में मौजूद है। फेनेस्टा भारत की एकमात्र कम्पनी है जो यूपीवीसी और ाुमिनियम के निर्माण से लेकर उत्पाद के इन्सटॉलेशन एवं आफ्टर सेल्स सेवाओं तक पूरी आपूर्ति श्रृंखला का प्रबन्धन करती है। उत्पादों की रेंज को विशेष रूप से यूके एवं ऑस्ट्रिया में डिजाइन किया जाता है जो उपभोक्ताओं को आधुनिक शैली के बेहतरीन उत्पाद प्रदान करते हैं। फेनेस्टा के उत्पादों को भारत के विविध एवं चरम जलवायु के अनुकूल बनाने के लिए हर कदम पर इनकी गुणवत्ता की कड़ी जांच की जाती है। फेनेस्टा के उत्पाद अपने खास फीचर्स जैसे नॉइस इन्सुलेशन, रेन प्रूफ, डस्ट प्रूफ के साथ-साथ स्टाइलिश होने के लिए देश भर के अग्रणी बिल्डरों, आकीर्टेक्ट्स एवं इंटीरियर डिजाइनरों में बेहद लोकप्रिय हैं।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
मो. नं.: 9991270143

# युवक पर हमले के आरोप में तीन के खिलाफ करवाया मामला दर्ज

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
गांव बजाना खुर्द में सैर के लिए घुमने गए युवक के साथ एक युवक ने अपने साथियों के साथ मारपीट कर हथियारों से हमला करने के बाद जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया गया। पुलिस को दी शिकायत में मनीष ने बताया कि 21 फरवरी को अपने घर पर था कि गांव का नरेश शराब के नशे में गंदी गालीयां देने लगा। उसके बाद झगड़े के डर से अपने पिता ईश्वर को नही बताई। मेरे पिता गांव में ही घुमने के लिए गए हुए थे। जब वे लगभग 8 बजे के करीब नरेश के मकान के सामने से जा रहे थे तो वहा पर नरेश, नीरज व कार्तिक वहां पहले से प्लानिंग के तहत मौजूद थे। शिकायत में आरोप है कि जब मेरे पिता वहा पहुंचे तो उन्होने मेरे पिता का रास्ता रोक कर अपने हाथ मे लिए हुए हथियारो सहित मेरे पिता पर हमला कर दिया। नीरज ने अपने हाथ मे लिए हुए लोहे की राड से मेरे पिता के सिर पर वार किया। जिससे मेरे पिता ने हाथ से रोक लिया। उसके बाद अन्य ने अपने हाथ मे लिए हुए लाठी डंडो से मेरे पिता जी पर हमला कर दिया। जब मेरे पिता ने शोर मचाया तो वंहा पर आस-पड़ोस के लोगो को आता देख। मेरे पिता को जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। जिसके बाद उपचार के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया।

# ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने अपनी मांगों को लेकर दिया धरना

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
ज्वाइंट एक्शन कमेटी रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के आहवान पर पानीपत की ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों को लेकर शुक्रवार को सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक उपायुक्त कार्यालय के सामने धरना दिया। जिसकी अध्यक्षता ज्वाइंट एक्शन कमेटी पानीपत के संयोजक बलवान सिंह ने की और संचालन भले राम एवं जय भगवान शर्मा ने किया। धरने के बाद कर्मचारियों ने रोष प्रदर्शन किया और उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। धरने को एसकेएस के जिला प्रधान अमरीश शर्मा, सीटू के जिला प्रधान सुनील दत, पब्लिक हेल्थ के जिला प्रधान अमरजीत, हरियाणा सिविल पेंशन के जिला अध्यक्ष रामनारायण, सूरत सिंह,



मदन रावल, राज्य उपप्रधान मा. करतार सिंह एवं रिटायर्ड कर्मचारी संघ के राज्य पदाधिकारी सतबीर चालिया ने संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने कहा कि हरियाणा सरकार रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों को लागू नहीं कर रहीं हैं, जबकि रिटायर्ड कर्मचारी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। वहीं सभी कर्मचारी नेताओं ने पंचकूला में कर्मचारियों पर लाठी चार्ज की निंदा की और सरकार से अपील करते हुए कहा कि कर्मचारियों की पुरानी पेंशन स्कीम को ही लागू किया जाए। कमेटी के जिला प्रधान बलवान सिंह ने बताया कि रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों में 65,70,75 व 80 साल की आयु के बाद क्रमश 5,10,15 व 20 प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी की जाए। मेडिकल भत्ता एक हजार रूपए से बढ़ा कर तीन हजार रूपए किया जाए। सभी अस्पतालों में सभी बीमारियों की कैश लेस सुविधा कर्मचारियों को दी जाए। धरने में समालखा ब्लॉक प्रधान ईश्वर सिंह, बापौली प्रधान कली राम, पानीपत ब्लाक प्रधान ओमप्रकाश, इसराना प्रधान सीता राम, मतलौडा प्रधान जयभगवान, रोहताश, प्रीतम रावल, कश्मीर सिंह पूर्व प्रधान एसकेएस आदि ने भाग लिया।

# एचपीएससी में छटे रैंक पर चयनित नव ज्योति स्कूल की छात्र रही नमिता कुमारी में होगा समारोह

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
**नवज्योति** शिक्षा सदन खुबडू-भावंर में एचपीएससी परीक्षा में हरियाणा में छटा रैंक एवं इंटरव्यू में 3 तीसरा रैंक प्राप्त करने वाली खूबडू गांव की नमिता कुमारी का स्वागत किया जाएगा। यह जानकारी स्कूल के प्रधानाचार्य राजेन्द्र कौशिक ने दी। उन्होंने बताया कि नमिता कुमारी प्रथम कक्षा से लेकर दसवीं कक्षा तक उनके स्कूल की छात्रा रहकर बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इन्होंने अपनी उच्च शिक्षा भी



प्रथम रैंक से ही प्राप्त की। बचपन में ही नमिता कुमारी ने अपने लक्ष्य को निर्धारित कर लिया था और उस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कड़ी मेहनत की और उसे प्राप्त कर दिखाया। विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को अनुशासित एवं संस्कारित बनाया जाता है । बच्चे शिक्षा के साथ-साथ अन्य कौशलताओं में भी निपुण होते हैं। जिसके फलस्वरूप हर वर्ष विद्यालय से शिक्षित विद्यार्थी किसी ने किसी क्षेत्र में सरकारी पद पर अपनी नियुक्ति दर्ज कराते हैं या गैर सरकारी संस्थाओं में अच्छे पद पर नियुक्त होकर स्कूल का नाम रौशन कर रहे है।

## बाइक चोरी का आरोपी बाइक सहित गिरफ्तार

**पानीपतः** सीआईए थ्री पुलिस की टीम ने सज्जन चौक पर चोरी की बाइक सहित एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान जुलफान पुत्र नूर हसन निवासी नारायणा समालखा पानीपत के रूप में हुई है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर अंकित ने बताया कि आरोपी से पूछताछ में खुलासा हुआ उसने शार्टकट तरीके से पैसे कमाने की चाहत में बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा बाइक बरामद कर पुलिस टीम ने आरोपी जुलफान को आज न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# पीएम मोदी ने किया अन्नदाता का सम्मान: फूल खर्बपीएम



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा किसान मोर्चा के जिला प्रभारी फूल खर्ब ने कहा कि किसान व कृषि भारत की अर्थ व्यवस्था की धुरी है। समृद्ध किसान समृद्ध भारत का द्योतक है। फूल खर्ब शुक्रवार को गांव भादड़ में प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना के चार साल पूरे होने पर आयोजित किसान चौपाल कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। फूल खर्ब ने कहा की पीएम मोदी ने प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना लागू कर अन्नदाता का सम्मान किया है। उन्होंने किसानों को कम पानी वाली और प्राकृतिक खेती करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष महावीर सिंह दहिया ने कहा की पीएम नरेन्द्र मोदी किसानों के सच्चे हितैषी है। नीम कोटिंग यूरिया, भूमि हेल्थ कार्ड बना कर किसानों की मदद की। मोटे अनाज की बरांडिंग करके किसानों के हित में बड़ा काम किया है। अन्न श्री योजना लाकर

**8 फूल खर्ब ने कहा कि किसान व कृषि भारत की अर्थ व्यवस्था की धुरी है। समृद्ध किसान समृद्ध भारत का द्योतक है**

किसानों को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर कदम उठाये। भाजपा जिला मिडिया प्रमुख ईश कुमार राणा ने कहा की पीएम मोदी के नेतृत्व केंद्र सरकार व मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने किसानों के हित में अनेकों योजनाएं लागू की है। कार्यक्रम को जिला सह प्रभारी एडवोकेट अरविंद ने भी संबोधित किया। मंच संचालन किसान मोर्चा के महामंत्री आजाद खलीला ने किया।
जबकि मोर्चा के मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र मराठा भादड़ ने सभी का धन्यवाद किया। इस मौके पर सेठपाल नोहरा, प्रदीप देशवाल, अनिल बेनिवाल, दारा सिंह, रामभज रावल, सुभाष,राकेश, संदीप कौशिक व योगेश आदि मौजूद रहे।

# सीजेएम ने किया नारी निकेतन का दौरा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**सीजेएम** जसबीर कौर ने बताया कि आज नारी निकेतन में रहने वाले महिला/कैदियों को दी जा रही सुविधाओं की जांच के लिए उन्होंने नारी निकेतन करनाल का दौरा किया। वर्तमान में 32 महिला संवासि हैं।
उन्होंने महिलाओं के साथ भी बातचीत की और उन्हें कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियमए 1987 के तहत उनके अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया। अधीक्षक को कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी स्थापित ६ प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया गयाए ताकि महिलाओं को कानूनी



सेवा प्राधिकरण अधिनियमए 1987 के तहत बनाए गए नियम और कानून निर्धारित उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराया जा सके। अधीक्षक को विशेष रूप से उन महिलाओं को विभिन्न कानूनी सहायता योजनाओं और ऐसी सेवाओं का लाभ उठाने की प्रक्रिया आदि के बारे में अवगत कराया गया। महिला न्याय अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के अस्तित्व और महिलाओं के कल्याण के तहत गठित समितियों के अस्तित्व के बारे में भी अवगत कराया गया। उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया। अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि नारी निकेतन और निरीक्षण गृह के आसपास साफ.सफाई रखें।
सीजेएम ने वहां पर रह रही महिलाओं से बातचीत कर उनको होने वाली किसी असुविधा के बारे में पूछा जिस पर किसने कहा कि हमें यहां पर किसी भी तरह की कोई असुविधा नहीं हो रही है।

## देशभर में चलाया जा रहा है सत्यनिष्ठा की शपथ अभियान

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की एक बैठक का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के आगमी प्रकल्पों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा देश के सभी राज्यों में सत्यनिष्ठा की शपथ अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें अंतर्गत टीम के सदस्यों द्वारा आमजन से सत्यनिष्ठा की शपथ के फॉर्म भरवाकर उन्हें सत्यनिष्ठा की शपथ दिलवाई जा रही है कि न रिश्वत देंगे और न ही रिश्वत लेंगे।

# 'सम्पत्ति कर बकायादारों के एकमुश्त भुगतान पर मिलेगा 40 प्रतिशत ब्याज की छूट का लाभ'

## 28 फरवरी तक किया जा सकता है बकायों का भुगतान

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
सम्पत्ति कर के बकायादारों के लिए एक बार फिर राहत भरी खबर है, जिन्होंने वर्ष 2010-11 से 2021-22 तक सम्पत्ति कर नहीं भरा है, वे आगामी 28 फरवरी तक अपने बकायों का एकमुश्त भुगतान कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें 40 प्रतिशत ब्याज की छूट का लाभ मिलेगा। नगर निगम के डीएमसी अरूण भार्गव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।
उन्होंने बताया कि नागरिक एनडीसी पोर्टल-ह्वद्यड्डद्बह्व4ठ्ठस्र.शह्द पर जाकर अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. दर्ज करें तथा मेक माई पेमेंट ऑप्शन पर जाकर ऑनलाईन पेमेंट कर



अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जो नागरिक ऐसा करने में असमर्थ हैं, वह नगर निगम के नागरिक सुविधा केन्द्र की खिडकी पर अपना प्रॉपर्टी टैक्स भर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से गत 22 फरवरी को इस राहत की अधिसूचना जारी हो गई थी। उन्होंने कहा कि इसे देखते सम्पत्ति कर बकायादारों के लिए ब्याज की छूट का लाभ प्राप्त करना एक ओर सुनहरी मौका है। खास बात यह है कि बकायादारों को एकमुश्त बकाया राशि जमा करवाने पर ब्याज की छूट का अच्छा-खासा लाभ मिलता है और वे संतुष्ट हो जाते हैं। उन्होंने नगर निगम के सभी सम्पत्ति कर बकायादारों से अपील कर कहा है कि सरकार की इस घोषणा का भरपूर लाभ उठाएं और ब्याज की छूट के बाद जो भी सम्पत्ति कर देय बनता है, उसे ऑनलाईन नगर निगम के खजाने में जमा करवाएं। उन्होंने कहा कि सम्पत्ति कर की अदायगी करना नागरिकों का कर्तव्य भी है। सम्पत्ति कर और निगम के अन्य आय स्त्रोतों से जो भी धनराशि इकट्ठी होती है, वह शहर के विकास कार्यों पर ही खर्च कर दी जाती है, इससे उन्हें सुविधाओं के अधिकार प्राप्त हो जाते हैं, यानि यह एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने केन्द्र व राज्य सरकार के बकायादारों की श्रेणी में चल रहे विभागों से भी पुनः अपील करते कहा है कि वह भी इस सुनहरी छूट का लाभ उठाते हुए अपना बकाया सम्पत्ति कर नगर निगम के खजाने में जमा करवाएं। बकायादारों को यह भी कहा है कि जो बकायादार सरकार की इस सुविधा की अनदेखी कर देरी से भुगतान करेगा, उस पर प्रति मास डेढ प्रतिशत ब्याज प्रभारित किया जाएगा।

## संपादकीय

# चीतों से गुलजार होती भारत की धरती

**करीब** सात दशक बाद मोदी सरकार के गंभीर प्रयासों से भारत में पिछले साल 17 सितम्बर को चीतों की वापसी हुई थी। नामीबिया की राजधानी विंडहोक से ग्वालियर लाए गए आठ चीतों को मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में बाड़े में छोड़ा गया था। यह सभी चीते यहां के माहौल में पूरी तरह ढ़ल चुके हैं। चीतों के पुनर्वास की चल रही योजना के तहत 18 फरवरी को भी दक्षिण अफ्रीका से सात नर और पांच मादा चीते कूनो नेशनल पार्क लाए गए। अब भारत में चीतों की संख्या 20 हो गई है। करीब 50 वर्ष पहले चीतों को भारत लाने के प्रयास शुरू हुए थे पर उन पर कामयाबी नहीं मिल पाई थी। 21वीं सदी के इन दो दशकों में चीतों की वापसी के प्रयासों में तेजी आई और उनके संरक्षण के लिए गलियारों की पहचान और उन्हें सुदृढ़ करने पर ध्यान केन्द्रित किया गया। 2009 में राजस्थान के अजमेर में हुई बैठक में चीतों को भारत लाने की चर्चा पुनर्जीवित हुई और आनुवंशिक समानता तथा जीनोम विश्लेषण के आधार पर अफ्रीका से चीते लाकर भारत में बसाने की योजना को उपयुक्त पाया गया। चीतों की पुनर्स्थापना के संबंध में पर्याप्त अध्ययन नहीं होने के कारण 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने चीतों को भारत लाए जाने पर रोक लगा दी थी। अदालत द्वारा 28 जनवरी 2020 को चीतों के पुनर्स्थापना हेतु अनुमति मिलने के बाद चीता परियोजना हेतु मॉनीटरिंग के लिए तीन सदस्यीय विशेषज्ञ दल का गठन किया गया और उसके बाद चीतों को भारत लाए जाने की इजाजत देने के पश्चात ही चीतों की भारत वापसी का रास्ता साफ होने से इन प्रयासों में तेजी आई। चीतों को भारत लाने के लिए भारत सरकार ने 2010 में नामीबिया से बातचीत शुरू की थी लेकिन नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से चीते लाने का समझौता जुलाई 2022 में हुआ। 2021-22 से 2025-26 के बीच ह्यप्रोजेक्ट टाइगरह्व के तहत ह्यचीता इंट्रोडक्शन परियोजनाह्व के लिए भारत सरकार द्वारा 38.7 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। मध्य भारत में पाषाण युग के गुफा चित्रों में अंकित चीता भारतीय इतिहास और संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है। चीता शब्द संस्कृत मूल का शब्द है, जिसकी उत्पत्ति संस्कृत शब्द चित्रकायः से हुई है, जिसका अर्थ है बहुरंगी शरीर वाला। हालांकि भारत कभी चीतों का घर रहा था लेकिन देश में आखिरी बार 1947 में चीता देखा गया था। 1947 में मध्य प्रदेश के कोरिया रियासत के महाराजा रामानुज प्रताप सिंह देव ने तीन चीतों का शिकार किया था और माना जाता है कि वे भारत के आखिरी तीन चीते ही थे। 1952 में भारत सरकार द्वारा चीते को देश में विलुप्त घोषित कर दिया गया था। उससे पहले भी मुगलकालीन और पूर्ववर्ती शासकों द्वारा अत्यधिक शिकार, उनके पर्यावास में व्यापक बदलाव और शाकाहारी पशुओं की संख्या में गिरावट के कारण धीरे-धीरे अनेक चीतों की विदाई हो गई थी। वैसे चीतों की संख्या पूरी दुनिया में तेजी से कम हुई है। पिछली सदी में दुनियाभर में चीतों की संख्या करीब एक लाख थी लेकिन जूलॉजिकल सोसायटी ऑफ लंदन की एक रिपोर्ट के मुताबिक करीब 91 फीसदी चीते 1991 तक खत्म हो चुके हैं और अब इनकी संख्या दुनियाभर के 17 देशों में करीब सात हजार ही रह गई है, जिनमें से आधे से ज्यादा चीते दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया और बोत्सवाना में मौजूद हैं।

# सावरकर के बलिदानों को धुंधलाने की कोशिशें कब तक?

ललित गर्ग

> "अखण्ड भारत का स्वप्न देखने एवं उसे आकार देने वालों में प्रखर राष्ट्रवादी नेता विनायक सावरकर का योगदान अनूठा एवं अविस्मरणीय है। आज नया भारत बनाने, भारत को नये सन्दर्भों के साथ संगठित करने, राष्ट्रीय एकता को बल देने की चचाओं के बीच भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रखर सेनानी, महान देशभक्त, ओजस्वी वक्ता, दूरदर्शी राजनेता, इतिहासकार, एक बहुत निराले साहित्यकार- राष्ट्रवादी कवि और सशक्त हिन्दुत्व के पुरोधा श्री सावरकर के निर्वाण दिवस पर उनकी पावन स्मृति और उनका जीवन-दर्शन आधार-स्तंभ एवं प्रकाश-किरण है। अग्रिम पंक्ति के स्वतंत्रता सेनानी सावरकरजी प्रेरणाएं एवं शिक्षाएं इसलिये प्रकाश-स्तंभ हैं कि उनमें नये भारत को निर्मित करने की क्षमता है"

**प्रखर** राष्ट्रवादी एवं हिन्दूवादी नेता वीर दामोदर सावरकर इस संसार के एकमात्र ऐसे रचनाकार हैं जिनकी पुस्तक 1857 का स्वातंत्र्य समर को अंग्रेजों ने प्रकाशन से पहले ही प्रतिबंधित कर दिया था। यह वह पुस्तक है जिसके माध्यम से सावरकर ने सिद्ध कर दिया था कि 1857 की जिस क्रांति को अंग्रेज मात्र एक सिपाही विद्रोह मानते हैं, जबकि वही भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम था। वीर सावरकर ऐसे महान् भारतीय क्रांतिवीर हैं जिन्हें अंग्रेज-सरकार ने क्रांति के अपराध में एक ही जीवन में दो बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई गयी थी। दो बार की काले पानी की कठोर सजा के दौरान सावरकर को अनेक यातनाएं दी गयी। अंडमान जेल में उन्हें छः महिने तक अंधेरी कोठरी में रखा गया। एक-एक महिने के लिए तीन बार एकांतवास की सजा सुनाई गयी। सात-सात दिन तक दो बार हथकड़ियां पहनाकर दीवारों के साथ लटकाया गया। इतना ही नहीं सावरकर को चार महिनों तक जंजीरों से बांध कर रखा गया। इतनी कठोर यातनाएं सहने के बाद भी सावरकर ने अंग्रेजों के सामने झुकना स्वीकार नहीं किया। जबकि तब से हमारे देश के कुछ बुद्धिजीवी, कुछ राजनीतिक दल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी एवं वामपंथी उनके कृतित्व एवं आजादी के लिये प्रदत्त बलिदानों को भूलकर उन पर अंग्रेजों से माफी मांगने का आरोप लगाते हुए उनके अविस्मरणीय बलिदानों को धुंधलाने की कोशिशें की जा रही है। सावरकर को गाली देने वाले इस बात को समझ लें कि भारत की आजादी में उनका कद अगर महात्मा गांधी से ज्यादा नहीं तो कम भी नहीं है।

वीर सावरकर ने कहा था कष्ट ही तो वह चाक शक्ति है जो मनुष्य को कसौटी पर परखती है और उसे आगे बढ़ाती है। सावरकर के बलिदानों की असलियत और सच्चाई जाने बिना, उनकी कोशिशां की गहराई को समझे बिना और उन पर तटस्थ अध्ययन किए बिना, कोई भी कांग्रेसी व विपक्षी उनके ऊपर झूठे आरोप लगाते चले आए हैं। अर्से से उनको अपमानित किया जाता रहा है। हाल ही में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने उनका एक चिट्ठी का हवाला देकर अनादर किया, वहीं कुछ समय पूर्व अरविंद केजरीवाल ने एक रैली में भाजपाइयों को सावरकर की औलादें कहकर अपनी मंशा प्रकट की थी। आखिर यह कब तक चलेगा? अब तो इस पर रोक लगनी चाहिए क्योंकि ऐसे व्यक्ति को जिसका पूर्ण जीवन भारत की आजादी के लिए दी गई कुर्बानियों की सच्ची मिसाल है। ऐसा व्यक्ति जिसको जहरीला भोजन और पानी देकर उसे कांटे की तरह सूखा दिया गया हो, जब उस पर झूठा लांछन लगाया जाता है तो किसी भी सच्चे भारतीय का मन विचलित, मस्तिष्क दुखी और आत्मा तड़ जाती है। सावरकर का कथन है कि कर्तव्य की निष्ठा संकटों को झेलने में, दुख उठाने में और जीवन भर संघर्ष करने में ही समाविष्ट है, यश-अपयश तो योगापयोग की बाते हैं। अखण्ड भारत का स्वप्न देखने एवं उसे आकार देने वालों में प्रखर राष्ट्रवादी नेता विनायक सावरकर का योगदान अनूठा एवं अविस्मरणीय है। आज नया भारत बनाने, भारत को नये सन्दर्भों के साथ संगठित करने, राष्ट्रीय एकता को बल देने की चचाओं के बीच भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रखर सेनानी, महान देशभक्त, ओजस्वी वक्ता, दूरदर्शी राजनेता, इतिहासकार, एक बहुत निराले साहित्यकार- राष्ट्रवादी कवि और सशक्त हिन्दुत्व के पुरोधा श्री सावरकर के निर्वाण दिवस पर उनकी पावन स्मृति और उनका जीवन-दर्शन आधार-स्तंभ एवं प्रकाश-किरण है। अग्रिम पंक्ति के स्वतंत्रता सेनानी सावरकरजी प्रेरणाएं एवं शिक्षाएं इसलिये प्रकाश-स्तंभ हैं कि उनमें नये भारत को निर्मित करने की क्षमता है। उन्होंने अनेक विपरीत एवं संघर्षपूर्ण स्थितियों के बीच एक भारत और मजबूत भारत की कल्पना की थी, जिसे साकार करने का संकल्प आज हर भारतीय के मन में है। कहते हैं कि पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं। अर्थात व्यक्ति का भविष्य छुटपन में ही उसके व्यवहार से दिखने लगता है। वीर सावरकर की बचपन की गतिविधियां बता रही थीं कि यह बालक आगे चलकर भारतमाता का साहसी बेटा बनेगा, जिसे लोग स्वातंत्र्यवीर सावरकर के नाम से पहचानेंगे। वे केवल आठ-दस वर्ष की उम्र से ही कविताएं लिखने लगे थे। उनके जीवन पर छत्रपति शिवाजी का बहुत गहरा प्रभाव था। शिवाजी की विजय गाथाएं, वीर सावरकर स्वयं तो बड़े चाव से पढ़ते ही थे, अपने मित्रों को भी गर्व के साथ सुनाया करते थे। इससे उनके मन में भी देशभक्ति, बलिदान, त्याग, समर्पण और देशसेवा की भावनाएं जोर मारने लगी थीं। युवा अवस्था में पहुँचते-पहुँचते सावरकर ने अपनी क्रांतिकारी सोच एवं गतिविधियों को और गति दे दी। उन्होंने अभिनव भारत नाम की एक और संस्था की स्थापना भी की। सबसे पहले विदेशी कपड़ों की होली जलाकर अंग्रेजों को चुनौती देने का काम सावरकर ने किया। अंग्रेजों के घर लंदन में घुसकर क्रांतिकारी गतिविधियां करने का साहस भी उन्होंने दिखाया। उनके ही प्रयास से लंदन में 1857 के स्वतंत्रता संग्राम की स्वर्ण जयंती मनाई गई। जहाज से बीच समुद्र में छलांग लगाकर तो विनायक साहस के पर्याय ही बन गए। भारत के क्रांतिकारियों में वे पूज्य हो गए थे। सरदार भगत सिंह ने अपने एक लेख में विनायक दामोदर सावरकर के लिए वीर और पूजनीय जैसे आदरसूचक विशेषणों का उपयोग किया हैं। उनकी क्रांतिकारी गतिविधियों, विचारों एवं संगठन क्षमता से अंग्रेज भयभीत हो गए थे। आजादी के लिए काम करने के लिए उन्होंने एक गुप्त सोसायटी बनाई थी, जो मित्र मेला के नाम से जानी गई। 1905 के बंग-भंग के बाद उन्होंने पुणे में विदेशी वस्त्रों की होली जलाई। वीर सावरकर जैसे बहुत कम क्रांतिकारी एवं देशभक्त होते हैं जिनके तन में जितनी ज्वाला हो उतना ही उफान मन में भी हो। उनकी कलम में चिंगारी थी, उसके कार्यों में भी क्रांति की अग्नि धधकती थी। वीर सावरकर ऐसे महान सपूत थे जिनकी कविताएं एवं विचार भी क्रांति मचाते थे और वह स्वयं भी महान् क्रांतिकारी थे। उनमें तेज भी था, तप भी था और त्याग भी था। वीर सावरकर हमेशा से जात-पात से मुक्त होकर कार्य करते थे। राष्ट्रीय एकता और समरसता उनमें कूट कूट कर भरी हुई थी।



रत्नागिरी आंदोलन के समय उन्होंने जातिगत भेदभाव मिटाने का जो कार्य किया वह अनुकरणीय था। वहां उन्होंने दलितों को मंदिरों में प्रवेश के लिए सराहनीय अभियान चलाया। महात्मा गांधी ने तब खुले मंच से सावरकर की इस मुहिम की प्रशंसा की थी, भले ही आजादी के माध्यमों के बारे में गांधीजी और सावरकर का नजरिया अलग-अलग था। अप्रतिम प्रतिभा सम्पन्न सावरकरजी कुशल मानवशिल्पी के साथ राष्ट्र-शिल्पी थे। उनकी वाणी तीक्ष्ण, तेजधार होने के साथ-साथ सीधी, सरल एवं हृदय को छूने एवं प्रभावकारी परिणाम करने वाली थी। अपनी पारखी दृष्टि से व्यक्ति की क्षमताओं को पहचान कर न केवल उसका विकास करते थे अपितु उसे देश, समाज एवं राष्ट्र हित में नियोजित भी करते थे। राष्ट्रोत्थान की भावना जगाने में उनका कौशल अद्भुत था। एक सामाजिक-सांस्कृतिक-राष्ट्रीय व्यक्तित्व होते हुए भी वीर सावरकर ने भारतीय राजनीति की दिशा को राष्ट्रीयता की ओर कैसे परिवर्तित किया है, यह समझने के लिए भी उनके जीवन-दर्शन को पढ़ना आवश्यक है। भारत की हिंदू अस्मिता, हिंदू समाज की उत्पत्ति व संघटन, विवाह, माता-पिता द्वारा संतान का पालन-पोषण, आपसी सौहार्द, सामाजिकता, आध्यात्मिकता, धार्मिकता, आर्थिक स्थितियां, कृषि, जीवनशैली तथा ऐसे ही अन्य अनेक विषयों पर उनके जीवन-दर्शन से मार्ग प्रशस्त होता है। सावरकर जेल में रहते हुए भी स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रहे।

यह भी अजीब विडंबना है कि इतनी कठोर यातना सहने वाले राष्ट्र-योद्धा के साथ तथाकथित इतिहासकारों ने न्याय नहीं किया, उनके विराट व्यक्तित्व एवं राष्ट्र-विचारों को धूमिल किया। किसी ने कुछ लिखा भी तो उसे तोड़ मरोड़ कर पेश किया। राष्ट्रोत्थान की मूल भावना के अभिप्रेरित वीर सावरकर भले ही आज हमारे बीच में नहीं है लेकिन उनकी प्रखर राष्ट्रवादी सोच हमेशा राष्ट्र एवं राष्ट्र के लोगों के दिलो में जिन्दा रहेगी ऐसे भारत के वीर सपूत वीर सावरकर को हम सभी भारतीयों को हमेशा गर्व रहेगा। क्योंकि उनके जीवन का उद्देश्य रहा है- निज संस्कृति को बल देना, उज्वल आचरण, सात्विक वृत्ति एवं स्व-पहचान। भारतीय जनता के बड़े भाग में राष्ट्रीयता एवं स्व-संस्कृति की कमी को दूर करना ही सावरकरजी के जन्म एवं जीवन का ध्येय था, वे अखण्ड भारत के पक्षधर थे। वे विश्वभर के क्रांतिकारियों में अद्वितीय थे। उनका नाम ही भारतीय क्रांतिकारियों के लिए उनका संदेश था। उनकी पुस्तकें क्रांतिकारियों के लिए गीता के समान थीं।

नया भारत निर्मित करते हुए उसके इतिहास में सच्चाई के प्रतिबिम्बों को उभारने पर बल देना ही वीर सावरकर के निर्वाण दिवस मनाने का वास्तविक उद्देश्य होना चाहिए, क्योंकि भारत के इतिहास को धूमिल किया गया, धुंधलाया गया है, वीर सावरकर जैसे सच्चे देश को भारत रत्न देकर असंख्य भारतीयों के दिलों पर किये गये घावों को पर मरहम लगाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

## कविता

### अभी

बिखर चुका है बहुत कुछ
मगर कुछ यादें
समेटना बाकी है अभी।
बहुत गम है जिंदगी में
मगर चेहरे पर
मुस्कुराहट बाकी है अभी।
खत्म हो चला है भले
जीवन का सफर
मगर फिर भी
कुछ करने के इरादे
बाकी है अभी।
बहुत जान चुका हूं
जीवन-मृत्यु का भेद
बस खुद को
जाना-पहचाना
बाकी है अभी।

राजीव डोगरा

# वायु प्रदूषण से लड़खड़ाता स्वास्थ्य

**प्रियंका सौरभ**

**वायु** प्रदूषण का भारत में मानव स्वास्थ्य पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। यह बीमारी के लिए दूसरा सबसे बड़ा जोखिम कारक है और वायु प्रदूषण की आर्थिक लागत सालाना 150 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक होने का अनुमान है। भारत में वायु प्रदूषण के प्रमुख स्त्रोतों में वाहन उत्सर्जन, बिजली उत्पादन, औद्योगिक अपशिष्ट, खाना पकाने के लिए बायोमास दहन, निर्माण क्षेत्र और फसल जलने जैसी घटनाएं शामिल हैं। ब्लैक कार्बन जीवाश्म ईंधन, जैव ईंधन और बायोमास के अधूरे दहन से निकलने वाली कालिख का एक घटक है। रासायनिक रूप से, यह महीन कण पदार्थ का एक घटक है। यह एक प्रकार का एरोसोल है जो गैस और डीजल इंजनों, कोयले से चलने वाले बिजली संयंत्रों और जीवाश्म ईंधन को जलाने वाले अन्य स्त्रोतों से उत्सर्जित होता है। 2.5 माइक्रोमीटर डायमीटर (पीएम2.5) से कम के पार्टिकल सबसे बड़ा स्वास्थ्य जोखिम पैदा करते हैं। अपने छोटे आकार (इंसान के बाल की औसत चौड़ाई का लगभग 1/30वां) के कारण, महीन कण फेफड़ों में गहराई से प्रवेश कर सकते हैं।पार्टिकुलेट मैटर हवा में पाए जाने वाले ऐसे कण हैं, जिसमें धूल, गंदगी, कालिख, धुआं और फ्लूइड ड्राप भी शामिल हैं। पार्टिकुलेट मैटर आमतौर पर डीजल वाहनों और कोयले से चलने वाले बिजली संयंत्रों जैसे स्त्रोतों से उत्सर्जित होती है। 10 माइक्रोमीटर डायमीटर (पीएम10) से कम के पार्टिकल स्वास्थ्य के लिए चिंता का विषय हैं। ये सांस के जरिए अंदर जा सकते हैं और श्वसन प्रणाली में जमा हो सकते हैं। ब्लैक कार्बन जीवाश्म ईंधन, बायोमास, आदि के अधूरे दहन से स्वाभाविक रूप से और मानवजनित रूप से (मानव गतिविधियों से बाहर) दोनों का उत्पादन होता है। प्रमुख स्त्रोत डीजल इंजन, खाना पकाने के स्टोव, लकड़ी जलाने और जंगल की आग से उत्सर्जन हैं। वैश्विक ब्लैक कार्बन उत्सर्जन में घरेलू खाना पकाने और हीटिंग का हिस्सा 58% है। खुले बायोमास जलाने और आवासीय ठोस ईंधन दहन के परिणामस्वरूप विकासशील दुनिया लगभग 88% ब्लैक कार्बन उत्सर्जन में योगदान करती है। जिनेवा (स्विट्जरलैंड) में डब्लू एच ओ द्वारा प्रकाशित समाचार के अनुसार, जैसे-जैसे दुनिया गर्म और अधिक भीड़भाड़ वाली हो रही है, हमारे प्रयोग में लाये जाने वाले मशीन और अधिक खराब उत्सर्जन कर रहे हैं। आधी दुनिया के पास स्वच्छ ईंधन या स्टोव, लैंप तक की भी पहुंच नहीं है। जिस हवा में हम सांस लेते हैं वह खतरनाक रूप से प्रदूषित हो रही है। सांस में प्रदूषित हवा लेने के कारण हर साल लगभग 70 लाख लोग मारे जाते हैं। वायु की गुणवत्ता को खराब करने वाले ब्लैक कार्बन के कण वातावरण में पार्टिकुलेट मैटर का एक प्रमुख घटक हैं, जो वायु की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं।

## विचार

# सच्चाई से भरपूर जीवन कैसे जियें?

– संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

**इस दुनिया** में आए सभी संत-महात्माओं ने हमें एक सच्चाई से भरा हुआ जीवन व्यतीत करने की शिक्षा दी है क्योंकि सच्चाई के द्वारा हमारा अंतःकरण साफ होता है जिससे कि हम अपनी विफलताओं के प्रति भी ईमानदार होते हैं। हम अपनी गलतियों को दूसरों से छुपा सकते हैं लेकिन अपने आपसे नहीं। अपनी कमजोरियों को नजरअंदाज करना या अपनी गलतियों के लिए मन को गलत ख्यालों से संतुष्ट करना हमें किसी भी प्रकार से मददगार साबित नहीं होता। हम अपने आपको बचाने के लिए कुछ भी कहें या लोगों की निगाहों में अपनी हकीकत से ज्यादा अपने आपको बेहतर पेश करें, पर सच्चाई यह है कि यह कुछ समय के लिए तो हमें ठीक लग सकता है लेकिन यह सब हमारी तरक्की में किसी भी प्रकार से मददगार नहीं है। हम दूसरों से तो अपना सच छुपा सकते हैं लेकिन प्रभु हमें हर क्षण, हर पल देख रहे हैं। हम अपनी सच्चाई उस पिता-परमेश्वर से नहीं छुपा सकते। यदि हम प्रभु की सत्ता से जुड़ना चाहते हैं तो उसके लिए हमें अपने दाग या दोष मिटाने होंगे यानि कि अपने जीवन को नेक-पाक और सदाचारी बनाना होगा। इन दागों को हम श्रृंगार कला के द्वारा छिपा कर सुंदर नहीं बना सकते क्योंकि प्रभु तो हमारे अंतर की असलियत को जानते हैं। हमें अपनी कमजोरियों को पहचनना है, उनको स्वीकार करना है और फिर लगन और मेहनत से उनको खत्म करना है। जब हम किसी डॉक्टर के पास जाते हैं तो हम अच्छे-अच्छे कपड़े पहनते हैं ताकि हम देखने में अच्छे लगें लेकिन हम यह भी जानते हैं कि इनसे डॉक्टर का कुछ भी लेना-देना नहीं है। डॉक्टर को दिलचस्पी सिर्फ हमारे ब्लड प्रेशर, नब्ज और हमारे शरीर के अंगों की कार्य प्रणाली से होती है, उसको हमारी बाहरी दिखावट से कुछ मतलब नहीं होता। ऐसे ही जब हम स्कूल में जाते हैं और परीक्षा में बैठते हैं तो हम अपनी दिखावट को आकर्षक बनाकर जाते हैं जबकि हम इस सच्चाई को अच्छी तरह जानते हैं कि अध्यापक को हमारी परीक्षा के नतीजे में रूचि होती है न कि हमारी बाहरी सुंदरता में।

ठीक इसी प्रकार परमात्मा हमें इस योग्य बनाता है कि हम उनकी गोद में बैठ सकें। हम बाहरी रूप से तो अपने दोषों को छुपा सकते हैं लेकिन प्रभु को हमारी रूहानी लगन में दिलचस्पी होती है। प्रभु हर समय हमारे उन दाग-धब्बों को हटाने में मददगार होते हैं जो हमें इस भौतिक शरीर से ऊपर उठने के समय बाधा उत्पन्न करते हैं। प्रभु को हमारी बाहरी दिखावटी चरित्र से कोई मतलब नहीं होता। हम दिखावे के तौर पर अपनी उपलब्धियों पर गुमान करते हैं लेकिन प्रभु हमें इससे भी आगे देखते हैं। वे हमारी असली हालत को जानते हैं। उनका मतलब सिर्फ हमारी उन खामियों को दूर करने में सहायता करना है जो हमारी रूहानी मंजिल के रास्ते में बाधा उत्पन्न करती हैं। हम ईमानदारी से अपने आपका मुआयना करें और अपने आपकी आलोचना उसी लहजे में करें जैसे कि हम दूसरों की करते हैं। तब हमें अपनी गलतियों का अहसास होगा और हम उनको ठीक कर सकेंगे। गलतियों के अहसास करने का यह मतलब नहीं है कि हम अपने आपको कोसें या मारें। यह चिंता करने का विषय भी नहीं होता। यह वो विषय है जिसमें हमें अपनी खामियों को बड़ी बारीकी से देखना है। उनको दूर करने का समाधान ढूंढना है और अपने आपमें सुधार लाना है। चिंता और दोषी होने का अहसास हमें मददगार साबित नहीं होता। यह सिर्फ अपना बहुमूल्य समय बर्बाद करने वाली बात है, जो हमारी एकाग्रता को हमारे लक्ष्य से दूर करती है।

हमें अपनी गलतियों को बड़े खुले दिमाग से स्वीकार करना है। इस बात का अहसास करना है कि इंसान होने के नाते गलती होती है और फिर ऐसी योजना बनानी है जिससे कि हमारे अंदर बदलाव आ सके ताकि हम दोबारा गलती न करें। हमें दूसरों और अपने आपकी गलतियों को माफ कर देना चाहिए और उन्हें भूल जाना चाहिए। हमें एक बार गलती का अहसास करके उसको ठीक करना है। हम जितनी देरी से अपनी गलती की वास्तविकता को जानने में करते हैं, उतनी ही देरी हमारी रूहानी तरक्की में होती है। कोई भी हमारी गलती को देखता नहीं है लेकिन हमारे अंतर में बैठे प्रभु सब कुछ देखते हैं।

हम जो कुछ भी करते हैं उसको हम दूसरों और अपने आपसे छुपा सकते हैं लेकिन हम अपने किए कर्मों को प्रभु से नहीं छुपा सकते। हम दुनिया को अपना खूबसूरत चेहरा दिखा सकते हैं लेकिन प्रभु हमारी अंतर की वास्तविकता को देखते हैं और हमें तब तक अपनी गोद में नहीं लेते, जब तक हम पवित्र नहीं हो जाते। हमें प्रभु की सत्ता से जुड़ने के लिए अपने आपको पवित्र करना होगा। इस रहस्य को हम जितनी जल्दी जान लें, यह हमारे लिए उतना ही अच्छा है। आओ! हम अपने जीवन में सच्चाई और ईमानदारी के गुणों को ढालें। हमें अपने लेन-देन में ईमानदार होना चाहिए तथा साथ ही साथ हमें धोखा-धड़ी और दिखावे के चंगुल से भी बचना चाहिए। जिसके लिए हमें अपनी आजीविका बड़ी ही ईमानदारी से कमानी चाहिए।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# प्रधानमंत्री के लिए अपमानजनक भाषा

**डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी**

**कांग्रेस** नेताओं द्वारा देश के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गाली देने का सिलसिला थम नहीं रहा है। कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा बीती 20 फरवरी को जब अडानी स्टॉक विवाद मामले में मीडिया से बात कर रहे थे, तो उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के दिवंगत पिताजी को लेकर अपमानजनक बयान दिया। उन्होंने कहा, ह्य जब अटल बिहारी वाजपेयी जेपीसी का गठन कर सकते थे तो नरेंद्र गौतम दास सॉरी दामोदरदास मोदी को क्या प्रॉब्लम है? गौतम दास है या नरेंद्र दामोदर दास है? नाम भले ही दामोदरदास है लेकिन काम गौतम दास का करते हैं। पवन खेड़ा के बयान के बाद उनके खिलाफ असम, यूपी में कई जगह एफआईआर हुई थी। गुरुवार को पवन खेड़ा जब अन्य कांग्रेस नेताओं के साथ कांग्रेस के अधिवेशन में शामिल होने के लिए रायपुर जा रहे थे तो उन्हें दिल्ली एयरपोर्ट पर पुलिस द्वारा रोक लिया गया था। इसके बाद पवन खेड़ा के समर्थन में अन्य कांग्रेस नेता भी धरने पर बैठ गए थे। दरअसल असम पुलिस की अपील पर दिल्ली पुलिस ने पवन खेड़ा को रोका था और जब असम पुलिस दिल्ली पहुंची तो उसने दिल्ली पुलिस से पवन खेड़ा की कस्टडी ली। इस बीच कांग्रेस इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई, जहां से सुप्रीम कोर्ट ने पवन खेड़ा को राहत देते हुए उन्हें अंतरिम जमानत दे दी थी। अब 27 फरवरी को कोर्ट फिर से इस मामले की सुनवाई करेगी। उसम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने दावा किया है कि पवन खेड़ा ने अपने बयान को लेकर बिना शर्त माफी मांग ली है।

इस सारे घटनाक्रम में यह सवाल अहम है कि क्या यही हमारी राजनीतिक संस्कृति है? क्या ऐसे ही लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की आजादी के मौलिक अधिकार पर हम गर्व से इतराते रहे हैं? क्या देश के निर्वाचित प्रधानमंत्री का कोई सम्मान और राष्ट्र की गरिमा कुछ मायने रखती है अथवा नहीं? कांग्रेस बार-बार ऐसी शर्मसार हरकतें क्यों करती है? क्या पार्टी के बिखराव, उसकी लगातार घटती स्वीकार्यता और चुनावी पराजय की कुंठाओं से पनपी विक्षिप्त मनरूस्थिति है, जो प्रधानमंत्री के लिए अभद्र शब्दों के इस्तेमाल को बाध्य करती रही है?

## लाइक, शेयर और कमेंट

**डॉ. सुरेश कुमार**

**निजी** और सरकारी अस्पताल में जो सबसे बड़ा अंतर है, वह है भगवदगीता के उपदेश का। दोनों ही मरने वाले को नहीं बचा सकते। जहाँ निजी अस्पताल कर्म करने और फल की चिंता न करने का उपदेश देते हैं तो वहीं सरकारी अस्पताल फल दिखाकर कर्म करने को व्यर्थ बताते हैं। इसीलिए चंगा आदमी सरकारी अस्पताल में जाकर मरीज बनता है और निजी अस्पताल में रोगी से आकंठ कर्जे में डूबा रोगी या फिर स्वर्गीय रोगी बनकर निकल लेता है। दोनों में नुकसान वहाँ जाने वाले का होता है। इसीलिए आजकल उन डॉक्टरों की माँग अधिक हो गई है जो फलाना-फलाना चिकित्सा में विशेषज्ञ होता है। विशेषज्ञता भी ऐसी कि सुनकर आँखें फटी की फटी रह जायें। जैसे यदि कोई नेत्र चिकित्सक है तो उसका बाप दाईं या बाईं नेत्र का विशेषज्ञ होता है। उसका बाप दाईं या बाईं नेत्र में रेटिना, कॉर्निया या फिर फलाँ का विशेषज्ञ होता है। जो जितना विशेषज्ञ होता है उसका उतना डिमांड होता है। यहाँ डिमांड का अर्थ सम्मान से ज्यादा रुपए-पैसों से हैं। एक दिन हमें निजी अस्पताल जाने का अवसर मिला। यह अवसर सुअवसर है या फिर बुरा अवसर यह तो हो वहाँ होने वाली घटना पर निर्भर था। अस्पताल का वातावरण ऐसा कि आईसीयू को एक बार देख लें तो सारी की सारी भगवदगीता एक झटके में समझ आ जाती है। इन सबके बीच भी कुछ हैरतअंगेज और इक्कीस तोपों की सलामी पाने योग्य लोग भी होते हैं जिन्हें देखने के बाद अचरज होता है कि वे अस्पताल को इस तरह कैसे एंजाय करते हैं। कुछ लोग अपने सगे संबंधियों को देखने के बहाने नर्सों के साथ नैन मटक्का करने का शगल पाल लेते हैं। कुछ लोगों के केस में यह मामला शादी तक पहुँच जाता है। मेरे मित्र की शादी भी कुछ इसी तरह के घटनाक्रम का परिणाम था। जो भी हो मैं आपको यह बताने का प्रयास कर रहा था कि अस्पताल कुछ लोगों के लिए बड़ी मजेदार जगह होती है। हुआ यूँ कि मैं जिस मरीज को देखने गया था उसी के बगल वाले बेड पर एक महिला को ऑपरेशन के बाद शिफ्ट किया गया था जिसने एकाध दिन पहले एक नवजात शिशु को जन्म दिया था। उस शिशु को देखने के लिए परिजनों में होड़ लगी थी। नर्स ने नवजात शिशु को पिता के हाथों में सौंप दिया। पिता ने न जाने फोन से क्या किया पता नहीं उसके तुरंत बाद अपनी दीदी के हाथ में धर दिया। दीदी ने भी फोन के साथ कुछ उसी तरह किया जिस तरह उसके भाई ने किया।

# किसानों को किया जागरूक

## कृषि अधिकरियों और कृषि वैज्ञानिको ने किसानों को जागरूकता कार्यक्रम में जानकारी दी

**सनौली/टीम एक्शन इंडिया**
कृषि विज्ञान केंद्र उझा में कृषि विभाग, एवं किसान कल्याण विभाग के तत्वाधान में कृषि अधिकरियों और कृषि वैज्ञानिको ने किसानों को जागरूकता कार्यक्रम में जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिको की टीम ने किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, मोटे अनाजों के उत्पादन व उपयोग और फसलों को बिमारियों से बचाव व पैदावार बढाने के तरीके बताएं। और जिले के प्रगतिसील किसानो को गेंहू व सरसो की फसल उत्पादन की प्रक्रिया में किसानों को होने वाली समस्याओं को समझाना और उनका समाधान करवाना था। कृषि वैज्ञानिक ड़ा .राजबीर गर्ग ने किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन पर किसानो को बधाई देते हुए इसमें आगे भी पूरा




योगदान देने के लिए प्रेरित किया है। और किसानो को प्राकृतिक खेती की ओर रूझान बढाने पर जोर दिया है। फसलो की अच्छी उपज लेने के लिए खेत में विभिन्न कृषि क्रियाओं को सही समय पर करने के लिए प्रेरित किया। और फसलो को कीट व बीमारियों के लक्षण व उनसे बचाव के उपाय सुझाये । ड़ा .सतपाल, ड़ा सुनील कुमार, ड़ा राजेश कुमार ने फसलो की कम लागत में अधिक पैदावार लेने बारे जानकारी दी । केंद्र के वरिष्ठ संयोजक डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि किसान फसल विविधिकरण पर जोर दे। डा. गर्ग ने बताया कि किसानों को संतुलित खादों का प्रयोग करना चाहिए तथा अनावश्यक यूरिया का प्रयोग नहीं करना चाहिए। डॉ. गर्ग ने किसानों को सब्जी उत्पादन के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान ड़ा .गर्ग ने खेत में किसानों को जैविक खाद से उगाई गई गेंहू की फसल बारे जानकारी दी गई । और किसानों को फसल में बगैर यूरियां खाद व दवाईयों के स्प्रै के बगैर ही फुटाव दिखाया । इस अवसर पर उप कृषि निदेशक ड़ा वजीर सिंह ने किसानो को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही स्कीमो बारे जानकारी दी है। और फसल अवशेष प्रबंधन करने को लेकर मशीनो पर 50 से 80 प्रतिशत तक अनुदान का फायदा उठाने का आहावान किया। वही ड़ा कुलदीप सिंह, ड़ा अरविन्द, ड़ा राकेश, ड़ा सतीस कुमार, ड़ा सेवा सिंह, ड़ा राधेश्याम, ड़ा सुनील कुमार, ड़ा मोहित ने किसानों को अंधाधुंध रसायनिक खाद व किटनाशक दवाईयों से बचाव की जानकारी दी गई । और जैविक खाद के फायदों बारे समझाया गया ।

**8 केंद्र के वरिष्ठ संयोजक डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि किसान फसल विविधिकरण पर जोर दे**

# डीसी ने कटकई की सुमन को दी आर्थिक मदद



**नारनौल/टीम एक्शन इंडिया**
जिला उपायुक्त ने अस्पताल कल्याण समिति की ओर से नवजात बेटी की मॉ जिसके पास भोजन के अभाव के साथ-साथ बच्चे को पोस्टिक दूध आदि दिलाने के लिए कोई भी धनराशि नहीं थी इसके लिए उपायुक्त डॉ. जय कृष्ण आभीर ने मौके पर ही रेड क्रॉस सचिव श्याम सुन्दर को निर्देश दिया
इन्हे राशन उपलब्ध करवाने के साथ ही नवजात बच्चे के लिए दूध आदि की व्यवस्था के लिए आर्थिक मदद की जाए।
उपायुक्त डॉ. जय कृष्ण आभीर ने कटकई की रहने वाली सुमन को अनाज और आर्थिक मदद उपलब्ध करवाई। उपायुक्त ने कहा कि रेड क्रॉस हर समय जरूरतमंद के लिए तैयार है। उन्होंने अनुरोध किया कि हमें रेड क्रॉस का लाईफ मैम्बर बनकर आमजन की सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर रेड क्रॉस सचिव श्याम सुन्दर भी उपस्थित थे।

## न्यूज फ्लैश

### बजट जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा: नवीन मंगला



**सोनीपत:** भारतीय जनता पार्टी सोनीपत के कोषाध्यक्ष नवीन मंगला ने कहा नए वित्त वर्ष का बजट जनता के हक में है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में चौथे बजट में किसानों गरीबों और मध्यम वर्ग के साथ सभी वर्गों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। मंगला ने कहा कि प्रदेश सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में कोई नया कर नही लगाया है। हरियाणा का देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 3.86% का योगदान है। मुख्यमंत्री ने हर परिवार को सौगात देने का काम किया है।

### बजट प्रदेश के विकास को नई मजबूती देगा: अमित बिंदल



**सोनीपत:** भारतीय जनता पार्टी के व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अमित बिंदल ने गुरूवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा विधानसभा में पेश किए गए वर्ष 2023-24 हरियाणा आम बजट का स्वागत करते हुए कहा कि इस बार का बजट पदेश के विकास को नई मजबूती देगा। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री ने राज्य का 1.83 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया, जिसमें हर वर्ग के विकास को ध्यान में रखते हुए इस साल के बजट में कोई नया टैक्स नहीं लगाया है। अमित बिंदल ने आम आदमी, गरीब, मजदूर, किसानों को समर्पित हरियाणा बजट के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने बजट के माध्यम से हरियाणा सरकार के अंत्योदय उत्थान की सोच को प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि बजट में मुख्यमंत्री ने सोनीपत में मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी की स्थापना करने की घोषणा की है। इसके गठन के बाद शहर के समग्र विकास का नए सिरे से खाका तैयार होगा, जिससे शहर के विकास को एक अलग दिशा मिलेगी।

### बढ़ती महंगाई को रोकने में भी यह बजट नाकाम साबित होगा: रावल



**पानीपत:** सरकार ने पूंजी निर्माण पर कुल 18.460 करोड़ रुपए खर्च करने का ऐलान किया है। जोकि कुल बजट का सिर्फ 10 प्रतिशत है। देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी झेल रहे हरियाणा के लिए महज इतने खर्च से जरूरत के मुताबिक रोजगार सृजन संभव नहीं है। यह ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। यह बात कांग्रेस ओबीसी के जिला महासचिव एवं स्व.राजेश पायलट किसान संगठन के जिलाध्यक्ष मोनू रावल ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा पेश किए बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही। मोनू रावल ने कहा कि बढ़ती महंगाई को रोकने में भी यह बजट नाकाम साबित होगा। क्योंकि पड़ोसी राज्य राजस्थान में कांग्रेस सरकार ने 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर देने का ऐलान किया है। ऐसे में हरियाणा की जनता भी प्रदेश सरकार से ऐसे किसी ऐलान की उम्मीद कर रही थी। लेकिन बजट से लोगों की उम्मीदों को धक्का लगा। सरकार ने पेट्रोल-डीजल की महंगाई से राहत देने के लिए वैट में कटौती का भी ऐलान नहीं किया। सरकार ने महंगाई से त्रस्त जनता को अपने हाल पर छोड़ दिया है। वहीं युवाओं के लिए कोई घोषणा न करके युवाओं को भी निराश किया जिसका खामियाजा भाजपा को आने वाले चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

### यमुना पुल के नीचे दो पक्षों का जमीन विवाद सांसद संजय भाटियां के पास पहुंचा

**सनौली:** सनौली यमुना पुल के नीचे जमीन को लेकर चल आ रहे दो पक्षो का विवाद सांसद संजय भाटियां के पास पहुंचा है। दोनो पक्षो के लोगो के साथ सांसद सजय भाटियां ने जमीनी विवाद को आपसी प्रेम व भाई चारे से हल कर शांति बनाए रखने का आहावान किया है। इस पर सांसद संजय भाटियां ने को कहा कि वे दोनो पक्षो का आपसी रजामंदी से जमीनी विवाद मामले हल करने का कहा है और कहा कि वे दोनो पक्षो को बराबर समझते है। किसी का भी पक्ष नही लेगें। इसमें पहले तो दोनो पक्ष के लोग खुद भाईचारे से हल निकाले या फिर कानून का पालन कर कानूपी प्रक्रिया से समाधान कराएं। बता दे कि हरियाणा यमुना बार्डर के साथ पुल के नीचे जमीन को लेकर दो किसानो द्वारा अपना-अपना कब्जा व अपनी-अपनी जमीन बता रहे है और इसकी शिकायत सनौली थाना एसएचओं सहित संबधित अधिकरियो को भी की हुई है।

# सफाई पर विशेष ध्यान दें: स्वच्छता टीम


**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
स्वच्छता टीम बापौली ने गांव ताजपुर गढ़ी भलौर शिमला गुजरान का दौरा किया। टीम ने स्कूल वह आंगनवाड़ी सेंटरों के शौचालय चेक किए स्कूल में मिड डे मील राशन की गुणवत्ता चेक की गांव की फिरनी नाले वह सामूहिक स्थानों की सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई करवाई तथा कूड़े कचरे प्रबंधन के शैडो की सफाई करवाई। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के खंड प्रेरक डॉ महावीर सैनी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने घरों में 2 डस्टबिन रखें एक में सूखा



कचरा तथा दूसरे में गीला कचरा ना डालें घरों में पाई पॉलिथीन को कट्टो में शटर करके रखें कट्टा पर जाने पर अपने गांव के सफाई कर्मचारी को दे दें ताकि सफाई कर्मचारी उनको एसडब्ल्यूएम साइड में भिजवा सके अपने घरों के आसपास गंदगी ने फैलने दें कूड़े कचरे को और पॉलिथीन को गलीया नाली में ना फेंके अपने घर के आसपास की सफाई पर विशेष ध्यान दें। तभी हम टाइफाइड ,मलेरिया, टीबी, पीलिया आदि जानलेवा बीमारियों से बच सकते हैं, इस अवसर पर शंकर वर्मा, आंगनवाड़ी वर्कर नीलम देवी, नीरज राजकुमार अमित कुमार नरैण आदि मौजूद रहे।

# बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास को आगे बढ़ाने में भूमिका निभाएगा: पुनीत राई

**राई/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा गुरूवार को विधानसभा में पेश किए गए बजट को जनहितैषी बताते यह बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा।



बजट के माध्यम से सामाजिक पेंशन धारकों को मनोहर सौगात मिली है, जिसके तहत वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विधवा पेंशन और दिव्यांग पेंशन सहित सामाजिक पेशन में 250 रुपए की बढ़ोतरी करते हुए पेंशन को 1 अप्रैल से 2500 से बढ़ाकर 2750 रुपए प्रतिमाह करने की घोषणा की गई है। इसके अलावा वृद्धावस्था सम्मान भत्ता के लिए आय पात्रता सीमा 02 लाख रुपए से बढ़ाकर 03 लाख रुपए प्रति वर्ष की गई है। पुनीत राई ने कहा कि हरियाणा सरकार लगातार महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं लागू कर रही है। ताकि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। पुनीत ने कहा कि सरकार ने गांवों में खेल नर्सरियों की शुरूआत की जिससे ग्रामीण आंचल से भी अनेक अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी उभरकर आए, जिन्होंने प्रदेश व देश का नाम रोशन किया।

# 10वीं, 12वीं व डीएलएड की परीक्षाओं के चलते लगाई धारा-144

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**जिलाधीश** ललित सिवाच ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के तत्वावधान में 27 फरवरी से 28 मार्च 2023 तक आयोजित की जाने वाली 10वीं, 12वीं (अकादमिक/ओपन)तथा डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन(डीएलएड) प्रथम व द्वितीय वर्ष की परीक्षाओं के चलते धारा-144 लगाई है। इन परीक्षाओं का आयोजन दोपहर 12:30 बजे से 03:30 बजे तक होगा। जिलाधीश सिवाच ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में बोर्ड कक्षाओं की रि-पीयर/कंपार्टमेंट/अतिरिक्त विषय/प्वाईंट करैक्शन और डीएलएड (रेगुलर/रि-अपीयर) सप्लीमेंट्री परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। ऐसे में परीक्षा केंद्रों की परिधि में किसी भी कारण से होने वाले तनाव को रोकने व शांति बनाए रखने के उद्देश्य से धारा-144 लगाई गई है। परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में पांच अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों के जमावड़े पर रोक रहेगी। साथ ही कोई भी व्यक्ति इस परिधि में किसी भी प्रकार का हथियार (आग्नेय अस्त्र, तलवार, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, गंडासी, चाकू इत्यादि) लेकर नहीं चल सकता। इसके अलावा 200 मीटर की परिधि में परीक्षा के दौरान दोपहर 12:30 बजे से सांयकाल 03:30 बजे तक फोटोस्टेट, फैक्स मशीनों की दुकानों को भी बंद रखा जाएगा।

# महिला मोर्चा की प्रदेश प्रभारी पहुंची पानीपत

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रदेश प्रभारी हरियाणा महिला मोर्चा नंदा डगला ने बीजेपी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के हरियाणा प्रवास से पहले पानीपत पहुँच महिला मोर्चा सदस्यों से मुलाकात की। महिला मोर्चा की प्रदेश मीडिया प्रभारी मालती अरोड़ा ने भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ पानीपत पहुँचने पर उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया की महिला मोर्चा की प्रदेश प्रभारी नंदा डगला ने पानीपत पहुँच सर्वप्रथम माता सींक पाथरी के दर्शन कर सबके कल्याण हेतु प्रार्थना की और भाजपा के एक समर्पित कार्यकर्त्ता के यंहा भोजन



किया। प्रदेश प्रभारी डगला ने भाजपा के सभी मोर्चा पदाधिकारियों से मुलाकात की।
मीडिया से बात करते हुए प्रदेश प्रभारी डगला ने कहा की उनका पानीपत प्रवास का मकसद महिला मोर्चा सदस्यों का उत्साहवर्धन और आने वाले चुनावों के लिए मोर्चे की तैयारियों का जायजा लेना था। उन्होंने कहा की आने वाला समय महिलाओं का ही होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय महिलाओं को हर क्षेत्र में मिसाल साबित करते देखना चाहते हैं जिसके लिए बीजेपी का महिला मोर्चा महिलाओं में अलख जगाने का काम पूर्ण रूप से कर रहा है। इस अवसर पर उनके साथ डीएनटी एडवाइजर सदस्य दल सिंह माहला, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष,बलविंद्र आर्य,सुशील माहला,नरेंद्र राठी एवं सभी मोर्चो के पदाधिकारी मौजूद थे।

# हादसे में महिला घायल छावनी सिविल अस्पताल में उपचाराधीन

**अम्बाला/टीम एक्शन इंडिया**
अम्बाला छावनी के खुड्डा कलां में सीढ़ियों से गिरकर प्रवासी मजदूर की मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए छावनी के सिविल अस्पताल लाया गया। सूत्रोनुसार बिहार का रहने वाला 45 वर्षीय रामू अम्बाला में मजदूरी करता था। रात्री वह सीढ़ियों से उतर रहा था तभी वह गिर गया और उसका सिर पास लगे नलके से जा टकराया। लहूलुहान अवस्था में उसे सिविल अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# 27 फरवरी को नारनौल आएंगे डा. अजय सिंह


**नारनौल/टीम एक्शन इंडिया**
जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला 27 फरवरी को दोपहर बाद तीन बजे नारनौल आएंगे। इस दौरान वह कार्यकत्राओं के सम्मेलन को संबोधित करेंगे। उनके साथ पार्टी के राष्ट्रीय संगठन सचिव एवं चेयरमैन राजेंद्र लितानी एवं प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह रहेंगे। यह जानकारी देते हुए जजपा के जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि इस कार्यकत्रा सम्मेलन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को सिंघाना रोड स्थित पार्टी के जिला कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान एडवोकेट तेजप्रकाश यादव ने की। बैठक में



जिला प्रधान तेजप्रकाश यादव ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन की तैयारियों में पार्टी पदाधिकारियों की ड्यूटियां लगाई। उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष के स्वागत में सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मिलकर कार्य करें तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि जजपा-भाजपा गठबंधन सरकार ने अनेक कल्याणकारी कार्य किए हैं तथा हालिया बजट में बुढ़ापा पेंशन में भी 250 रुपये की बढ़ौतरी कर दी गई है। बुढ़ापा पेंशन बढ़ाने का वादा जजपा ने ही अपने चुनावी घोषणा पत्र में किया था। इस मौके पर प्रदेश सचिव अशोक सैनी, जिला उपप्रमुख भीमसिंह, महिला जिलाध्यक्ष सुलोचना ढिल्लो, जाट महासभा के प्रधान विजयपाल एडवोकेट, युवा जिलाध्यक्ष अभय गुर्जर, हलका अध्यक्ष हजारी लाल लंबौरा, बेदू राता, सुरेश शास्त्री, रामकुमार मकसूसपुरिया, सावित्री गुर्जर, बजरंग लाल अग्रवाल, हरचंद तोबड़ा, महाराम गुर्जर, नगर पार्षद संदीप भांखर, अजय एडवोकेट, कार्यालय सचिव वीरेंद्र घाटासेर, प्रमोद ताखर, वीरेंद्र बनिहाड़ी, माड़ूराम, ईश कुमार, भूपसिंह, थावरमल, डा. कमल, कृष्ण कुमार, दीपक यादव, लक्की सरदार, प्रवीण, सुनील श्योराण आदि मौजूद थे।

# बजट में अति गरीबों के लिए कुछ भी नहीं: सुखबीर सिंह

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**आम आ**दमी पार्टी की राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सुखबीर सिंह मलिक ने हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा आज पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ये बजट किसान, मजदूर, कर्मचारी, छोटा व्यापारी, ग्रामीण, शहरी, गरीब, मध्यम वर्ग, युवा और गृहणी विरोधी है। सुखबीर मलिक ने मनोहर लाल खट्टर को आड़े हाथों लेते हुए कहा बजट ने हर वर्ग को खाली हाथ छोड़ दिया है।
मौजूदा सरकार ने बजट को सिर्फ भाषणबाजी बनाकर रख दिया है। क्योंकि जो बजट में बोला जाता हैए उसको कभी जमीन पर उतारा ही नहीं जाता। इस बजट में मूलभूत सुविधाओं की चर्चा भी नहीं की गई । इतनी बढ़ती हुई महंगाई में अगर सरकार मूलभूत सुविधाओं के लिए कुछ धन



सुरक्षित करती और लोगों को सहूलियत देती तो काफी अच्छा रहता परंतु यह सरकार जनता की परेशानियों से वाकिफ नहीं है। सरकार बजट को सिर्फ औपचारिकता समझती है। वह इसमें किए गए वादों को लागू करने बारे कभी गंभीरता नहीं दिखाती। सुखबीर मलिक ने कहा कि सरकार ने शिक्षा पर 20.340 करोड़ रुपए खर्च करने का ऐलान किया है जो कि जीडीपी का महज 2 प्रतिशत है।
जबकि नई शिक्षा नीति 6 प्रतिशत खर्च करने की सिफारिश करती है।

# वैदिक स्कूल में मनाया क्षयरोग जागरूकता दिवस

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
विकास नगर में स्थित हरियाणा वैदिक स्कूल में जिला नागरिक अस्पताल के क्षयरोग डॉ ० तरुण के आह्वान पर व सर्व जागरूक संगठन की जिला अध्यक्षा, मानव अधिकार संरक्षण संघ की सदस्या डॉ ० नीलम सांगवान के निदेर्शानुसार नरेश ने विद्यालय में बच्चों व अध्यापकों को क्षयरोग के लक्षण, बचाव, फैलने वाले माइक्रो बैक्टीरिया ट्यूबरकुलोसिस, फ्री डाक्टर परामर्श, ईलाज के विषय में विस्तार से बताया। इसके साथ साथ सरकार की ओर से क्षयरोग पीड़ित मरीज को दी जाने वाली सहायता व प्रोत्साहित राशि के बारे में बताया। विद्यार्थियों के




लिए प्रश्नोंतरी कार्यक्रम का भी अंत में आयोजन किया गया और विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। प्राचाया? डा नीलम सांगवान ने बताया कि हरियाणा प्रदेश क्षयरोग को समाप्त करने के लिए पूरे विश्व में तीसरे नंबर पर है और हम सभी भारतीयों का यह कर्तव्य है कि हम मिलकर इस जानलेवा बीमारी को जड. से खत्म करे व स्वस्थ भारत का निर्माण करे।इसके लिए सरकार की ओर से प्रत्येक माह की 24 तारीख को टी. बी. जागरूकता अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस दौरान प्रीति शर्मा, सुरेखा, कुसुम, साहिल, बलजीत सिंह, गीतांजली, रेहान सिंह, रुकसाना, मनु आदि उपस्थित रहे।

# प्रवेश परीक्षा के लिए टेस्ट के लिए स्कूल में रजिस्ट्रेशन कराने की आज अंतिम तिथि

**सनौली/टीम एक्शन इंडिया**
आरोही मॉड़ल स्कूल छाजपूर कलां में नए स्तर पर प्रवेश करने के लिए कक्षा छठी, 9वीं और 11वीं कक्षा में दाखिले को लेकर 26 फरवरी को प्र?वेश परीक्षा का आयोजन किया गया। इससे पहले प्र?वेश परीक्षा के लिए टेस्ट के लिए स्कूल में रजिस्टृेशन कराने की अंतिम तिथि 25 फरवरी दोपहर 2 बजे तक करा सकते हैं। अभी तक 530 बच्चो के रजिस्टृेशन हो चुका है। इसकी जानकारी बीईओं राजेन्द्र कुमार, स्कूल की प्रधानाचार्य हेमलता बालियान ने जानकारी दी। और बीईओं राजेन्द्र सिंह ने बताया की नय सत्र से लडकियों के लिए हास्टल सुविधा भी शुरू की जाएगी। लडकियों के लिए हास्टल में रहने और खाने-पीने भेजन की सुविधाएं विभाग द्वारा दी जाएगी। इस दौरान डीओं कुलदीप सिंह ने बताया कि आरोही मॉड़ल स्कूल में सांईस, कार्मस और आर्ट तीनों संकाय में बच्चो को शिक्षा दी जाती हैं । स्कूल में अनुभवी व मेहनती अध्यापको का स्टाफ हैं । इस साल से लडकियों के लिए हास्टल सुविधा भी शुरू हो जाएगी।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला**
**(मनीष)**
**मो. नं.: 9896772006**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
**मो. नं.: 9466035040**

# 'एलजी का आदेश न मानें सचिव'

## सिसोदिया ने कहा- उपराज्यपाल का अफसरों को आदेश देना संविधान के खिलाफ

**रस्साकशी**

= मंत्रियों ने विभाग के सचिवों को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि सीधे एलजी से मिलने वाले आदेश का पालन न करें

**नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली** में सरकार और उपराज्यपाल के बीच तनातनी थमने का नाम नहीं ले रही है। दिल्ली सरकार के सभी मंत्रियों ने अपने विभाग के सचिवों को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि सीधे उपराज्यपाल (एलजी) से मिलने वाले आदेश का पालन न करें, उसकी सूचना प्रभारी मंत्री को दें। ट्रांजैक्शन ऑफ बिजनेस रूल्स (टीबीआर) का सख्ती से पालन करने करें। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा-एलजी सचिवों को आदेश जारी करके टीबीआर और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के नियम 49 और 50 का उल्लंघन कर रहे हैं। एलजी के ऐसे अवैध आदेशों को लागू करना टीबीआर के नियम 57 का उल्लंघन माना जाएगा। एलजी का विभागों को सीधे आदेश देना संविधान और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन है।





### शराब नीति घोटाला केजरीवाल और सक्सेना के बीच विवाद की बड़ी वजह

**दिल्ली** की शराब नीति में घोटाले का आरोप लगाकर एलजी सक्सेना ने इसकी सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। सीबीआई ने डिप्टी सीएम सिसोदिया के घर और बैंक लॉकर को खंगाला था। इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का भी केस दर्ज हुआ और प्रवर्तन निदेशालय ने एक साथ 6 राज्यों में 40 जगहों पर छापेमारी की।

**1 अगस्त से लागू की गई थी शराब नीति**
डिप्टी सीएम सिसोदिया ने 1 अगस्त 2022 को ऐलान किया था कि पुरानी शराब नीति लागू होगी। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई और कहा- केंद्र ने इस पॉलिसी में सीबीआई की एंट्री करा दी, जिससे कोई भी ठेका लेने के लिए तैयार नहीं है। इसलिए हम नई व्यवस्था लागू नहीं करेंगे। डिप्टी सीएम ने कहा था कि नई एक्साइज पॉलिसी से भाजपा का भ्रष्टाचार खत्म हो जाता और साल में 9,500 करोड़ का राजस्व आता। वर्तमान में दिल्ली में 468 शराब दुकानें चल रही हैं।

**पिछले महीने कानून की किताब लेकर एलजी से मिलने पहुंचे थे केजरीवाल:** पिछले महीने दिल्ली में शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए फिनलैंड जाने से रोकने के मुद्दे पर सियासत गर्मा गई थी। सीएम अरविंद केजरीवाल दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना से मिलने कानून की किताब लेकर पहुंचे थे। एलजी से मुलाकात के बाद केजरीवाल ने कहा कि हम मिलकर काम करना चाहते हैं। एलजी से मुलाकात के बाद केजरीवाल ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से हम लोग देख रहे हैं कि दिल्ली सरकार के कामों में उनका हस्तक्षेप बढ़ता ही जा रहा है। इससे दिल्ली के लोगों के काम नहीं हो पा रहे हैं। इसी को लेकर उपराज्यपाल से मिलने गया था। मैं देश का संविधान, जीएनसीटी एक्ट समेत कई कानूनों की किताबें लेकर गया था।

**एलजी जो कर रहे हैं, वह सब असंवैधानिक:** केजरीवाल ने कहा था कि कानून कहता है कि पुलिस, कानून और लैंड उपराज्यपाल का विषय और बाकी का अधिकार चुनी हुई सरकार के पास है। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ का आदेश कहता है कि ट्रांसफर्स विषयों पर उपराज्यपाल को निर्णय लेने का कोई अधिकार नहीं है। इसका मतलब है कि उपराज्यपाल ने जैस्मीन शाह का दफ्तर सील किया, एल्डरमैन बनाए, पीठासीन अधिकारी बनाया, 164 करोड़ की वसूली का आदेश दिया, शिक्षकों को फिनलैंड जाने से रोका वो सब असंवैधानिक है। वहीं दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के कार्यालय ने कहा है कि सीएम केजरीवाल के द्वारा मेरे से मुलाकात के दौरान मेरे हवाले से सुप्रीम कोर्ट सहित कही जा रही सारी बातें मनगढ़ंत हैं और मैंने ऐसा कुछ नहीं कहा है।

### बीवी से ज्यादा एलजी डांटते हैं: केजरवील

**केजरीवाल**, उपराज्यपाल वीके सक्सेना पर निशाना साधते रहते हैं। पिछले साल उन्होंने ट्वीट किया था- एलजी मुझे रोज जितना डांटते हैं, उतना मेरी पत्नी भी मुझे नहीं डांटती। पिछले 6 महीने में एलजी ने जितने लव लेटर मुझे लिखे, उतने पूरी जिंदगी में मेरी पत्नी ने भी नहीं लिखे।

**एलजी साहेब, थोड़ा चिल करो:** केजरीवाल ने आगे लिखा था- एलजी साहेब, थोड़ा चिल करो और अपने सुपर बॉस को भी बोलो कि थोड़ा चिल करें। केजरीवाल लगातार आरोप लगा रहे हैं कि एलजी केंद्र के इशारों पर काम कर रहे हैं और दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार के काम में अड़ंगा डाल रहे हैं।

# एलजी ने 1200 से ज्यादा लोगों को सौंपा नियुक्ति पत्र



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शुक्रवार को अलग-अलग विभागों में 1200 ज्यादा लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपे हैं। उपराज्यपाल ने कहा कि यह नियुक्ति पत्र सेवा करने का अवसर है। सरकारी नौकरी केवल जीवन यापन का साधन नही है,बल्कि लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाने का कार्य है। वीके सक्सेना ने कहा कि उपराज्यपाल का पद संभालने के 2 माह बाद जब प्रधानमंत्री जी से मिला था तो उन्होंने कहा था कि सरकारी पदों को भरा जाए और लोगों को रोजगार मिले। मैं उसी दिशा में काम कर रहा हूं। मैं उसी दिशा में काम कर रहा हूं।

**8000 नौकरियां शिक्षा विभाग में दी गई:** एलजी ने आगे कहा कि पिछले 8 महीने में पिछले 8000 से अधिक लोगों को शिक्षा विभाग में नौकरियां दी गई है। वहीं 4000 नौकरियां अन्य विभागों में दी गई है। मेरा प्रयास है कि एडोक और अनुबंध पर काम करने की प्रथा समाप्त किया जाए, सभी नियमित कर्मचारी लगाए जाएं।

**कमजोर तबके को नौकरी में ध्यान रखा जाए:** उन्होंने कहा कि अनुबंध पर काम करने वाले कर्मचारी अपनी नौकरी को लेकर चिंतित रहते हैं, इसलिए वे अपने कार्य का 100 प्रतिशत नही दे पाते हैं। सख्त निर्देश दिया गया है कि कमजोर तबके का नौकरी में ध्यान रखा जाए।
नौकरी छोटी-बड़ी नही होती है, कोई पद छोटा-बड़ा नही होता है, जो व्यक्ति उस पर बैठा है, वही उसे छोटा बड़ा बनाता है। उसी में ऐसे कर्मचारी भी शामिल होते हैं जिन्हें राष्ट्रपति से सम्मान भी मिलता है।

# भाजपा में शामिल हुए आप पार्षद पवन

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** के नगर निगम (एमसीडी) की स्थाई समिति के सदस्यों के चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी आप को बड़ा झटका लगा है। बवाना वार्ड से आम आदमी पार्टी के निगम पार्षद पवन सहरावत ने शुक्रवार सुबह नौ बजे भाजपा में शामिल होने का ऐलान किया। दिल्ली के पंत मार्ग स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में भाजपा नेताओं की मौजूदगी में पवन ने आप का दामन छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए हैं।
भाजपा इसे बड़ी उपलब्धि के तौर पर देख रही है, क्योंकि अभी नगर निगम में मेयर का चुनाव संपन्न हुआ है और स्थाई समिति के सदस्यों का चुनाव होना है। वहीं




आप छोड़कर भाजपा में शामिल होने पर प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर का कहना है कि अभी तो बस शुरूआत है। जल्द ही आम आदमी पार्टी में शामिल अन्य पार्षदों का मोहभंग होगा और भाजपा में शामिल होंगे। भाजपा सबका साथ सबका विकास के साथ चलने वाली पार्टी है और जो भी यहां आएंगे उनका पार्टी स्वागत करेगी। वहीं भाजपा में शामिल हुए पार्षद पवन शेरावत ने कहा कि जब वह चुने गए और पार्टी के और नजदीक आए तब उन्हें आम आदमी पार्टी सरकार में भ्रष्टाचार समेत अन्य कई ऐसी बातों से जानकारी मिली, जिससे उन्होंने पार्टी का साथ छोड़ने का मन बना लिया था।

# ठगी मामले में सुकेश चंद्रशेखर की ईडी हिरासत 27 तक बढ़ी

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने रेलिगेयर** एंटरप्राइजेज लिमिटेड के पूर्व प्रमोटर मलविंदर सिंह की पत्नी जपना सिंह से 3.5 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार सुकेश चंद्रशेखर की ईडी हिरासत 27 फरवरी तक बढ़ा दी है। कोर्ट ने मामले के दूसरे आरोपित दीपक रमदानी की ईडी हिरासत पांच दिनों के लिए बढ़ा दी है। सुकेश चंद्रशेखर की 9 दिनों की ईडी हिरासत खत्म हो रही थी जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। ईडी ने कहा कुछ नए तथ्य और सबूत मिले हैं जिनकी जांच करनी है। जबकि दूसरे आरोपित दीपक रमदानी और जेल अधिकारी डीएस मीना से एकसाथ पूछताछ करनी है। 16 फरवरी को कोर्ट ने सुकेश को आज तक की ईडी हिरासत में भेज दिया था। ईडी ने सुकेश को 16 फरवरी को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। ईडी ने सुकेश को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि सुकेश के खिलाफ रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर शिवेंद्र सिंह की पत्नी अदिति सिंह से कथित तौर पर 200 करोड़ रुपये की ठगी का मामला भी चल रहा है। सुकेश के खिलाफ एआईएडीएमके सिंबल मामले में निर्वाचन आयोग को रिश्वत देने की कोशिश का मामला भी चल रहा है।

# संजय सिंह समेत 4 आप नेताओं को सोशल मीडिया से भाजपा नेता के खिलाफ कंटेंट हटाने के निर्देश

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली हा**ईकोर्ट ने संजय सिंह समेत चार आप नेताओं को निर्देश दिया है कि वे सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म से भाजपा नेता श्याम जाजू व उनके बेटे संदेश जाजू के खिलाफ किए गए मानहानि वाले कंटेंट हटाएं। जस्टिस नवीन चावला की बेंच ने इन आप नेताओं को निर्देश दिया कि वे भविष्य में भी श्याम जाजू और संदेश जाजू के खिलाफ कोई अपमानजनक टिप्पणी नहीं करें। भाजपा नेता श्याम जाजू ने याचिका दायर कर कहा है कि 22 जनवरी को इन आप नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस कर आरोप लगाया था कि भाजपा नेता आदेश गुप्ता और श्याम जाजू के



पुत्र ने एक कंपनी 'मजबूत साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड' के जरिए गैरकानूनी तरीके से धन कमाए। इन आरोपों के बाद श्याम जाजू ने इन आप नेताओं को लीगल नोटिस भेजकर इन आरोपों को वापस लेने को कहा। हाईकोर्ट में श्याम जाजू की ओर से वरिष्ठ वकील महेश जेठमलानी ने दलीलें रखीं। कोर्ट ने आप नेता संजय सिंह के अलावा सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक और दिलीप कुमार पांडेय को अपमानजनक टिप्पणी हटाने का निर्देश दिया है।

# जेएनयू: हॉस्पिटैलिटी में यूजी-पीजी प्रोग्राम को मिली मान्यता

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**जवाहरलाल** नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के साथ पर्यटन मंत्रालय के स्वायत्त निकाय राष्ट्रीय होटल प्रबंध एवं केटरिंग टेक्नॉलॉजी परिषद (एनसीएचएमसीटी) के बीच होटल प्रबंधन संस्थान, पूसा में गुरुवार की शाम एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। जेएनयू के कुलपति और एनसीएचएमसीटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने अपने संस्थानों की तरफ से इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और पर्यटन, संस्कृति एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री जी किशन रेड्डी और सचिव (पर्यटन)अरविंद सिंह की उपस्थिति में इन समझौता ज्ञापनों



का आदान-प्रदान किया। ये समझौता ज्ञापन हॉस्पिटैलिटी में एनसीएचएमसीटी के यूजी और पीजी डिग्री के प्रमुख कार्यक्रमों को जेएनयू द्वारा मान्यता दिए जाने की दिशा में उठाया गया कदम है। इसके चलते 2023-24 शैक्षणिक वर्ष से जेएनयू द्वारा एनसीएचएमसीटी संचालित पाठ्यक्रमों के पास-आउट छात्रों को डिग्री दी जाएगी। पर्यटन मंत्रालय के सचिव अरविंद सिंह ने कहा कि जेएनयू के पास शोध और अकादमिक संस्कृति का एक सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है और इसे न केवल हमारे देश में बल्कि वैश्विक स्तर पर लगातार रैंक किया जाता है और माना जाता है। आईआईएचएम के छात्र इस एमओयू से लाभान्वित होंगे क्योंकि इससे समग्र शैक्षणिक इनपुट को अपग्रेड करने में मदद मिलेगी। एनसीएचएमसीटी भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संगठन है। भारत सरकार देश भर में फैले अपने संबद्ध आईएचएम संस्थानों के माध्यम से देश में हॉस्पिटैलिटी शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में शिक्षा को विनियमित करती है। एनसीएचएमसीटी के शैक्षणिक छाते के तले आज तक कुल 93 संस्थान संबद्ध हैं। इन संस्थानों में बी.एससी. एचएचए और एम.एससी एचए में दाखिला लेने वाले छात्रों को इस एमओयू से लाभ होगा।

# सड़क पर रफ्तार का कहर, गई दो लोगों की जान

**रफ्तार का कहर**

= रात करीब 1:10 बजे पीसीआर को सूचना मिली कि रिंग रोड पर आईपी मेट्रो स्टेशन के पास दुर्घटना हुई है

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**मध्य जिले के** आईपी स्टेट इलाके में बीती रात दो कारों की आपस में टक्कर हो गई, जिसमें दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए हैं। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। शुक्रवार को पुलिस ने बताया कि देर रात करीब 1:10 बजे पीसीआर को सूचना मिली कि रिंग रोड पर आईपी मेट्रो स्टेशन के पास दुर्घटना हुई है। जिसके बाद पुलिस टीम मौके पहुंची। जहां इको स्पोर्ट और हौंडा सिविक के बीच टक्कर हुई थी। पुलिस ने तत्काल घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायलों को नजदीक के हॉस्पिटल में भर्ती



कराया गया। दुर्घटना रिंग रोड पर मिलेनियम पार्क के निकट इंद्रप्रस्थ डीटीसी डिपो के पास हुई है। एक्सीडेंट के बाद मौके का एक वीडियो भी सामने आया है। सूत्रों ने बताया कि घटना उस समय हुई जब इको-स्पोर्ट कार आईटीओ की तरफ से सराय काले खा की ओर जा रही थी, जबकि होंडा सिविक सराय काले खां से आईटीओ की तरफ जा रही थी। इस घटना में इको स्पोर्ट कार ड्राइवर पुनीत कोहली की हॉस्पिटल में मौत हो गई। वह शिवपुरी एक्सटेंशन कृष्णा नगर का रहने वाला था। वहीं हौंडा सिविक में सवार तीन लोग मोहम्मद सुहैल, जुनेद और रिहान गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें लोक नायक जयप्रकाश हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने सुहेल को मृत घोषित कर दिया। बाकी दो का उपचार किया जा रहा है। पता चला कि होंडा सिविक कार के ड्राइवर का संतुलन बिगड़ गया और उसने दूसरी तरफ जाकर इको स्पोर्ट में टक्कर मार दी।

### दवा गुणवत्ता विनियमन पर होगा दो दिवसीय चिंतन शिविर

**नई दिल्ली:** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया तेलंगाना के हैदराबाद में 26 और 27 फरवरी को दो दिवसीय 'चिंतन शिविर' की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें दवा गुणवत्ता विनियमन और प्रवर्तन पर विचार विमर्श किया जाएगा। दो दिवसीय चिंतन शिविर का उद्देश्य देश में दवाओं की गुणवत्ता और प्रवर्तन से संबंधित नीतियों और कार्यक्रमों की प्रक्रियाओं और कार्यान्वयन की समीक्षा करना है। बैठक भारतीय दवा मानकों और राज्यों और केंद्रों में नियामक क्षमताओं की भविष्यवाणी, पारदर्शिता और अनुपालन की समीक्षा करके व्यापार करने में आसानी की सुविधा के तरीकों और साधनों की भी सिफारिश करेगी। इस चिंतन शिविर में सरकार, उद्योग मंचों, स्टार्टअप्स और शिक्षाविद, विशेषज्ञ के साथ-साथ प्रतिष्ठित वक्ता भाग लेंगे। चिंतन शिविर में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीन पवार, रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री डॉ. भगवंत खुबा के साथ नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वी के पॉल बैठक में शामिल होंगे।




# संत रविदास नगर बस टर्मिनल की हालात खस्ता, यात्री परेशान







**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**दिल्ली** के संत रविदास नगर (जहांगीरपुरी) में संत रविदास नगर टर्मिनल की हालात दयनीय है, यहां पर जो बैठने के लिए बस स्टैण्ड बनाये गये हैं, उनकी हालात काफी खराब है, जिसके चलते यहां से बस से सफर करने वाले यात्रियों को परेशान होना पड़ता है। बस स्टैंड की हालत आप तस्वीरों से देख कर अंदाजा लगा सकते हैं। किस हालात में बस स्टैंड हैं। न यात्रियों को कड़ी धूप में छांव का सहारा मिलेगा, बरसात में तो ओर भी बुरा हाल हो जाता है।

**यात्रियों के बैठने की नहीं है उचित व्यवस्था:** संत रविदास नगर के नाम से टर्मिनल तो बना है, लेकिन स्टैण्ड पर बैठने की ठीक व्यवस्था नहीं है, स्टैण्ड टूटे पड़े हुए हैं, जिसके चलते यात्रियों को जहां पर गर्मी में धूप का सामना करना पड़ता है, वहीं बरसात के दिनों में भी खासा परेशान होना पड़ता है।

**क्या आप सरकार के राज में यही हो रहा है विकास:** करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने कहा कि क्या दिल्ली सरकार का यही विकास है कि बसों में यात्रा करने से पहले लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली सरकार बड़े-बड़े विकास के दावे कर रही है। लेकिन विकास नजर नहीं आ रहा है, केवल कागजों में ही विकास हो रहा है।

**सरकार यात्रियों की समस्याओं पर क्यों नहीं दे रही है ध्यान:** ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए कोई उचित प्रबंध नहीं है, इसका उदाहरण के जहांगीरपुरी में संत रविदास नगर नाम से बने टर्मिनल कहा है, जहां पर टूटे हुए बस स्टैण्ड हैं और कोई सुविधाएं नहीं है, यहां से यात्रा करने वाले यात्रियों को बरसात में बारिश का सामना करना पड़ता है और गर्मियों में धूप से जूझना पड़ता है, क्योंकि जो बस स्टैण्ड बनाये गये थे, उसकी दशा खाफी ज्यादा खराब है।

**टूटे हुए बस स्टैण्ड को तुरंत ठीक करवाये सरकार:** खन्ना ढिकोलिया ने बताया कि जनता को सुविधाएं मुहैया करवाना सरकार की जिम्मेवारी है, इसलिए मेरी सरकार से मांग है कि सरकार टूटे हुए बस स्टैण्ड को तुरंत ठीक करवाये, जिससे की यहां से यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशान न होना पड़े।

**यात्रियों की सरकार से मांग टर्मिनल की व्यवस्था में हो सुधार:** यात्रियों की दिल्ली सरकार से मांग है कि यहां पर जो भी बस स्टैण्ड बने हुए हैं, उसकी व्यवस्था में सुधार करवाया जाये, जिससे की यहां से यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशान न होना पड़े।

8 क्या यही है दिल्ली सरकार का विकास: आदेश भारद्वाज
8 नाम टर्मिनल, लेकिन यात्रियों की बैठने की व्यवस्था नहीं: खन्ने ढिकोलिया
8 बरसात के दिनों में काफी परेशान होते है यात्री
8 यात्रियों की दिल्ली सरकार से मांग, टर्मिनल का हो सुधार

# 'गुंडागर्दी करने वाले पार्षदों की तुरंत प्रभाव से उनकी सदस्यता रद्द हो'

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने दिल्ली के उपराज्यपाल से मांग की कि दिल्ली नगर निगम सदन स्थायी समिति के सदस्यों के चुनाव के दौरान गुंडागर्दी व हंगामा करने वाले निगम पार्षदों की पहचान करके तुरंत प्रभाव से उनकी सदस्यता रद्द करें, क्योंकि महापौर, उप महापौर के चुनावों से लेकर चौथी बार भाजपा और आम आदमी पार्टी के पार्षदों की यह आपसी जंग लगातार जारी है, जिसने भारतीय लोकतंत्र की गरिमा को धूमिल कर दिया है।

अनिल कुमार ने कहा कि निगम चुनाव को 3 महीने पूरे होने को हैं परंतु आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच आपसी टकराव खत्म होने का नाम नही ले रहा। मेयर व डिप्टी मेयर बन जाने के बाद स्थायी समिति के सदस्यों का चुनाव दोनों पार्टियों के लिए जंग का मैदान बना दिया है। उन्होंने कहा कि स्थायी समिति का गठन एक वैधानिक प्रक्रिया है जिसे पूरा करना जरूरी है। भाजपा और आम आदमी पार्टी के पार्षदों द्वारा स्थायी समिति के सदस्यों के चुनाव के दौरान गतिरोध व प्रतिरोध का माहौल उत्पन्न करना लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधन डालने का काम है, जिसे गंभीरता



से लेते हुए उपराज्यपाल को हस्तक्षेप करना चाहिए।अनिल कुमार ने कहा कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व और आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविन्द केजरीवाल के गलत निदेर्शों और हठधर्मिता के कारण दिल्ली की जनता के हितों, दिल्ली के विकास और कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में देरी हो रही है।

उन्होंने कहा कि यदि स्थायी समिति के सदस्यों का चुनाव नही होता है तो सदन के एजेंडे में शामिल योजनाओं के प्रस्ताव पास करने और विभिन्न मामलों पर चर्चा होना मुश्किल है क्योंकि सदन के एजेंडे में सबसे पहला प्रस्ताव स्थायी समिति के सदस्यों का चुनाव कराना संबधी होगा।

उन्होंने कहा कि डीएमसी एक्ट अनुसार यह प्रावधान है कि स्थायी समिति के सदस्यों के चुनाव को स्थगित करके अन्य किसी भी प्रस्ताव निर्णय नही लिया जा सकता। अनिल कुमार ने कहा कि निगम चुनावों के बाद जितनी बार भी सदन चला, उसमें भाजपा और आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने मारपीट, गुंडागर्दी कर हंगामा करके अपनी ताकत दिखाकर उन्होंने दिल्ली नगर निगम सदन लोकतंत्र की हत्या करके संवैधानिक नियमों व प्रक्रियाओं उलंघन किया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी निगम की सत्ता में भी रही है और विपक्ष में भी। इतिहास में कभी ऐसी अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक गतिविधि कांग्रेस पार्षदों के द्वारा कभी नही हुई।



दिल्ली सरकार के जासूसी कांड के मुख्य आरोपी मनीष सिसोदिया के इस्तीफे की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रदर्शन में हिस्सा लेते हुए भाजपा नेता जीवन लाल व अन्य।

# 'शिकायतकर्ता के शिकायत का निवारण करना मेरा प्रथम उद्देश्य'

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**भोजपुरी** सेवा समिति के प्रधान मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना सनलाइट में पीड़ित सरदार सुमित सिंह ने एसीपी सब डिवीजन लाजपत नगर जय नारायण को अपनी शिकायत दी कि उनके साथ सनलाइट थाने के पुलिस अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया है। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसीपी जय नारायण ने एसीपी सनलाइट को दिशा-निर्देश दिया कि मामले को संज्ञान में ले और शिकायतकर्ता के शिकायत का निवारण करें। मनोज



कुमार ने यह भी बताया कि मात्र 24 घंटे में शिकायत का समाधान हो गया। मनोज कुमार ने बताया कि इस पर सरदार सुमित सिंह ने अपने एनजीओ अध्यक्ष मनोज सिंह, उपाध्यक्ष कन्हैया कुमार, महासचिव अरविंद, सचिव राजू कुमार और मीडिया पदाधिकारी के साथ नीतीश नारंग बधाई देने पहुंचे। क्योंकि मामला 50 वर्षीय बुजुर्ग के साथ था और एसीपी साहब के संज्ञान में आने के बाद जल्द सुलझ गया।

# ट्रायल कोर्ट से जवाब तलब करना किसी भी दृष्टिकोण से सही नहीं: कोर्ट

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**सुप्रीम** कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दिया है जिसमें एक आरोपित को जमानत देने पर ट्रायल कोर्ट से जवाब तलब किया गया था। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इससे ट्रायल कोर्ट की स्वतंत्रता पर गंभीर असर पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट से जमानत देने पर जवाब तलब करना किसी भी दृष्टिकोण से सही नहीं है। हाई कोर्ट के इस आदेश से ट्रायल कोर्ट की स्वतंत्रता पर गंभीर असर

8 चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इससे ट्रायल कोर्ट की स्वतंत्रता पर गंभीर असर पड़ेगा।

पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने सलाह दी कि ट्रायल कोर्ट को जमानत देते समय कारण जरूर बताना चाहिए कि आरोपित ने उम्रकैद की सजा वाला कोई अपराध नहीं किया है और सह-आरोपितों को जमानत मिल चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपित को जमानत देते हुए कहा कि जमानत की।

# दुल्हन बनकर करती रही इंतजार, नहीं आई बारात

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

दुल्हन अपने साजन की मेंहदी लगा चुकी थी। बारातियों के लिये खुबसूरत टैंट सज चुका था। कई प्रकार के पकवान बनने शुरू हो चुके थे। परिवार वालों अपने रिश्तेदारों का वेलकम भी करने लगे थे। दुल्हन घर में बैठकर घोड़ी चढकर आने वाले अपने साजन का इंतजार रही थी। बैंड बाजों की आवाज सुनने की कोशिश कर रही थी। इस बीच शादी करवाने वाला एक रिश्तेदार घर पर आया। परिवार को बताया कि दूल्हे और उसके परिवार ने शादी करने से मना कर दिया। अगर करनी है तो एक लाख रुपये नकद लेकर आ जाओ, तभी दुल्हा घोड़ी पर चढ़ेगा। जिसके बाद अफरातफरी का माहौल बन गया। परिवार ने दुल्हे और उसके परिवार से फोन पर कई बार संपर्क कर हाथ पैर जोड़े, मगर कोई फायदा नहीं हुआ।

थाने में गए तो पुलिस वालों ने बोल दिया कि लिखित में शिकायत दे दो और समझौता कर लो, लड़की का मामला है। अमन विहार के बलबीर नगर में दुल्हन परिवार के साथ रहती है। जिसको लग रहा है कि उसकी जिस तरह से दहेज लोभियों ने बदनामी की है। उसके बाद उससे कोई शादी नहीं करेगा। वह भी अब उससे शादी नहीं बल्कि पुलिस से सजा दिलवाने की बात कर रही है।

बलबीर विहार किराड़ी,सुलेमान नगर में रहने वाली रूबी की शादी करीब ढाई महीने पहले यादव एंक्लेव,विकास नगर गली नंबर-21 में रहने वाले दीपक से हुई थी।

# जनता को गुमराह करने में आगे है आप: धर्मवीर यादव

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**भाजपा** दिल्ली प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को धोखा देने का कार्य किया है, जिसके चलते आज दिल्ली की जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने चुनाव के दौरान दिल्ली की जनता से वादे कई किये थे, लेकिन कोई वादा पूरा नहीं हो रहा है। श्री यादव ने कहा कि आप राज में ज्यादातर विकास केवल विज्ञापनों व कागजों में ही नजर आ रहे है, क्योंकि धरातल पर विकास नजर नहीं आ रहा है, यही कारण है कि दिल्ली की जनता को कई



परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धर्मवीर यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राज में दिल्ली की कॉलोनियों में रहने वाले लोग मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे है, जिसके चलते लोग काफी ज्यादा परेशान हो रहे है। श्री यादव ने बताया कि आज भी दिल्ली की

8 आम आदमी पार्टी के राज में दिल्ली की कॉलोनियों में रहने वाले लोग मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे है, जिसके चलते लोग काफी ज्यादा परेशान हो रहे है। श्री यादव ने बताया कि आज भी दिल्ली की कई कॉलोनियों में गंदा पानी आ रहा है।

कई कॉलोनियों में गंदा पानी आ रहा है और जनता को बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है और आम आदमी पार्टी कह रही है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है। उन्होंने कहा कि यही नहीं दिल्ली सरकार के अस्पतालों की स्वास्थ्य व्यवस्था किसी से छुप्पी हुई नहीं है। बड़ी ही चिंता की बात है कि घंटों लाईन में लगने के बाद ही मरीज डाक्टर के पास पहुंचा पाता है, उस पर कई अस्पतालों में तो जब मरीज दवाई लेने अस्पताल के दवाई वाले कांउटर पर जाता है, तो उसे पूरी दवाई भी नहीं मिल पाती है। जिसके चलते गरीब जन को भी मजबूर होकर बाहर से दवाई खरीदनी पड़ती है और दिल्ली सरकार कहती है कि हम दिल्ली की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे है। एक अन्य सवाल के जवाब में धर्मवीर यादव ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो सभी के हित में कार्य करती है।

# रक्तदान करना हम सभी की जिम्मेदारी: डॉ. पिव्हाल

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

डॉक्टर विपिन पिव्हाल ने कहा कि रक्तदान का भी हमारे जीवन में बड़ा ही महत्व है, क्योंकि आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी को जीवन दान मिल सकता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरे को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने कहा कि रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें।

डॉ. पिव्हाल ने आगे बताया कि रक्त दान को लेकर आज भी



लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि ब्लड डोनेट करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है और फिर कई बीमारियां लग सकती हैं जों कि पूरी तरह से गलत धारणा है। रक्तदान हम सभी की

8 रक्तदान का भी हमारे जीवन में बड़ा ही महत्व है, क्योंकि आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी को जीवन दान मिल सकता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरे को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें।

8 रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें: डॉ. विपिन पिव्हाल

जिम्मेदारी है। डॉ. पिव्हाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी को रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्तदान करना भी एक प्रकार का पुण्य का कार्य है।

उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है। ऐसे में अगर नियमित रूप से रक्तदान करते हैं, तो इससे शरीर बेहतर सेहत की ओर जाता है। इसका असर आपको साफ अपनी फिटनेस पर दिख सकता है। ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल में रहता है।

उन्होंने आगे कहा कि ब्लड डोनेशन से आप किसी की जान को बचा सकते हैं, बुरे वक्त में किसी के काम आ सकते, जो आपके दिल और दिमाग को अलग ही खुशी देता है।

# सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने एमसीडी कमिश्नर से बात कर व्यापारियों का रखा पक्ष

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**लगभग** डेढ़ महीना पहले सदर बाजार दुकानों की सीलिंग को लेकर एक तरफ तो फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन का लगातार मिठाई पुल पर धरना प्रदर्शन जारी है और दूसरी ओर और फेस्टा के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव, कार्यवाहक अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह नेताओं व अधिकारियों को अपनी पक्ष रखकर उन्हें सील हुई दुकानों की डी सील करवाने की मांग कर रहे हैं। इसी प्रक्रिया में सुबह फेस्टा के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव, कार्यवाहक अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह, व्यापारी नेता बीएल अग्रवाल ने पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ हर्षवर्धन से मुलाकात कर सभी पहलुओं पर बात की और जानकारी दी सारी जानकारी लेने के बाद डॉ हर्षवर्धन ने एमसीडी कमिश्नर ज्ञानेश भारती से फोन कर व्यापारियों का पक्ष रख व्यापारियों



से एक बैठक कर डी सील कराने की प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू करने की बात की। वहीं परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने बताया भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा व्यापारियों की दुकान की सील खुलवाने के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।





वहीं दोपहर बाद व्यापारी धरना स्थल मिठाई पुल पर फेस्टा के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव, कार्यवाहक अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष दीपक मित्तल, दीपक जैन, व्यापारी नेता बीएल अग्रवाल, उमाशंकर, वरिंदर कुमार, मानिक शर्मा, जितेंद्र अग्रवाल, परमानंद सहित अनेक व्यापारियों ने सीलिंग के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया और जल्द ही दुकानों की डी सील करने की मांग की। क्या सभी को ज्ञात है तत्कालीन शहरी विकास मंत्री जयपाल रेड्डी पार्लियामेंट में घोषणा की थी कि जो दुकाने 2007 से पहले अस्तित्व में थी उनको सील नहीं किया जाएगा और ना ही किया गया।

मास्टर प्लान 2021 में भी लिखा की जो मार्केट 70,% से जायदा कमर्शियल उनका कमर्शियल मार्केट माना जाएगा और सील नहीं होंगी

इस अवसर पर सभी व्यापारियों ने कहा जब तक दुकानें डी सील नहीं हो जाती तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 25 फरवरी 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# 'इन्वेस्ट पंजाब समिटः ई व्हीकल यूनिट लगेगी

## सीएम मान ने टॉप परफॉर्मिंग जिलों के ऊ सम्मानित किए

### रैलियां होंगी जोरदार

**किस जिले में कितनी लागत से किस इंडस्ट्री को स्थापित किया जा सकता है, इस बारे इंडस्ट्रियलिस्ट से बातचीत की गई**

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**पंजाब** सरकार के 'इन्वेस्ट पंजाब समिट' का आयोजन हुआ। सीएम भगवंत मान ने समिट में पंजाब में निवेश की इच्छुक विभिन्न कंपनी के मालिकों/संचालकों और कॉन्ट्रैक्टरों से वन-टू-वन मीटिंग की। किस जिले में कितनी लागत से किस इंडस्ट्री को स्थापित किया जा सकता है, इस बारे इंडस्ट्रियलिस्ट से बातचीत की गई। सीएम मान ने इंडस्ट्रियलिस्ट को सम्मानित भी किया। साथ ही पंजाब के टॉप परफॉर्मिंग जिलों के डीसी भी सम्मानित किए। सीएम मान ने अंबुजा सीमेंट लि., फ्लिपकार्ट इंडिया प्रा. लि. कोरपोरेट सेक्टर सर्विसेस, एमएसएमई माइक्रो यूनिट्स, कंसल इंजीनियरिंग टरटए मीडियम यूनिट्स और नेस्ले इंडिया लि. समेत अन्य कंपनियों और इंडस्ट्रियलिस्ट को सम्मानित किया।

**पंजाब में इलेक्ट्रिक व्हीकल का यूनिट लगाएंः** पंजाब में इलेक्ट्रिक व्हीकल यूनिट लगेगी। सरकार के अनुसार अगले 2 महीने में इस यूनिट को लगाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। इसके अलावा लुधियाना में गिल रोड पर 25 एकड़ में एक यूनिट स्थापित करने की बात कही गई। सीएम भगवंत मान वैशाखी पर इसका उद्घाटन करेंगे। 50 हजार लड़के-लड़कियों को नौकरी देने का दावा किया गया।

**अनमोल गगन मान ने कहा पॉजिटिव देखेंः** अनमोल गगन मान ने पंजाब सरकार की मेहनत को साकार करने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि पंजाब अलग मिसाल देते हुए बुलंदी छुएगा। उन्होंने कहा कि सीएम मान की अगुआई में जितनी मीटिंग की गई, उतनी बीते 5 साल में नहीं की गई। इंडस्ट्रियलिस्ट से वन-टू-वन मीटिंग की गई हैं। पंजाब की इंडस्ट्री के लिए सरकार द्वारा रोड मैप तैयार है। अनमोल गगन मान ने कहा कि बीते दिनों में लॉन्च की गई विभिन्न पॉलिसी से इंडस्ट्रियलिस्ट को फायदा मिलेगा। उन्होंने पंजाब की महान विरासत को आगे ले जाने और पॉजिटिव तरफ फोकस रखने की बात कही। सीएम भगवंत मान ने 23 फरवरी को इस दो दिवसीय 'इन्वेस्ट पंजाब समिट' का उद्घाटन कर जालंधर में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी खोलने का ऐलान करते हुए राज्य सरकार द्वारा पंजाब में इंडस्ट्री को सकारात्मक माहौल उपलब्ध करवाने की बात कही थी। भगवंत मान ने देश-विदेश की कंपनियों को पंजाब में इन्वेस्टमेंट का न्योता दिया। साथ ही कहा कि पंजाबियों ने ही बड़े-बड़े आइडिया और स्टार्टअप दुनिया को दिए हैं।

**तीन नई पॉलिसी लाई मान सरकारः** सीएम मान ने 23 फरवरी की शाम इंडस्ट्रियलिस्ट से बातचीत के बाद मीडिया को बताया कि राज्य सरकार तीन नई पॉलिसी लाई है। इसमें सबसे पहली इंडस्ट्रियल पॉलिसी है। इसमें 90 प्रतिशत सुझाव कारोबारियों के ही हैं और उन्हें इससे फायदा होगा।



### पंजाब सरकार ने अफसरों की विशेष टीमें तैनात की

**इन्वेस्ट** पंजाब समिट में आए देश-विदेश के कारोबारियों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो, इसके लिए पंजाब सरकार ने अफसरों की विशेष टीमें तैनात की हैं। समिट वाली जगह के आसपास पुलिस ने भी सख्त प्रबंध किए हैं ताकि कानून व्यवस्था को लेकर कोई दिक्कत न आए। मोहाली के अफसरों के अलावा कई दूसरे जिलों से भी रढ लेवल के कई अफसरों को यहां तैनात किया गया है।
**10 माह में 38 हजार करोड़ के निवेश का दावाः** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान दावा कर चुके हैं कि उनकी सरकार बनने के बाद 10 महीने में पंजाब में 38 हजार 175 करोड़ रुपए का निवेश हो चुका है।

# 7 जजों का जीपीएफ खाता बंद करने के मामले में मांगा जवाब

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
सुप्रीम कोर्ट ने पटना हाईकोर्ट के सात जजों का जनरल प्रोविडेंट फंड (जीपीएफ) खाता बंद किए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र और बिहार सरकार से जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 3 मार्च को करने का आदेश दिया। दरअसल, पटना हाईकोर्ट के इन जजों को अप्रैल 2010 में बिहार की उच्च न्यायिक सेवाओं के तहत सीधी भर्ती के रूप में अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। उस समय से ही वे सभी राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) का हिस्सा रहे हैं। पटना हाईकोर्ट के सात जजों ने याचिका दायर कर कहा है कि

### आदेश

**चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 3 मार्च को करने का आदेश दिया**

उनके जीपीएफ खाते बिहार सरकार ने बंद कर दिए हैं। इससे रिटायरमेंट के बाद मिलने वाले लाभ पर अनिश्चितता हो गई है। बिहार सरकार ने 2016 में एक नीति बनाई कि नई पेंशन योजना से पुरानी पेंशन योजना में जाने वाले लोग अपने एनपीएस योगदान की राशि वापस पाने के हकदार होंगे। उस राशि को बैंक खाते में रखा जा सकता है या फिर जीपीएफ खाते में भी जमा किया जा सकता है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दक्षिण सूडान के राजदूत और के परिचय पत्र स्वीकार किए।

# सपा सरकार में भारी घोटाला हुआ थाः ब्रजेश पाठक

## सपा नेता शिवपाल यादव के आरोपों पर उप मुख्यमंत्री ने सदन में दिया जवाब

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
**उत्तर प्रदेश** विधान सभा के बजट सत्र में शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार में भारी घोटाला हुआ था। स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गयी थी। मेडिकल कॉलेज वेंटिलेटर पर पहुंच गये थे। आज भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सेवाएं बहुत बेहतर हैं। पूरी पारदर्शिता के साथ हमारी सरकार में सभी विभाग काम कर रहे हैं। पाठक विधान सभा में शून्य प्रहर के दौरान सपा के वरिष्ठ सदस्य शिवपाल यादव के आरोपों के जवाब में बोल रहे थे। विधान सभा में सदन की कार्यवाही के दौरान आज दोपहर दो बजे तक कई बार सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नोक-झोक देखने को मिली। शिवपाल के आरोपों पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि हमारी सरकार में पारदर्शिता के साथ सभी विभागों में बेहतर काम हो रहा है। प्रतिदिन सरकारी अस्पतालों में एक लाख से अधिक मरीज आते हैं। हर दिन पांच हजार मरीजों का आपरेशन हो रहा है। सपा सरकार में केंद्र सरकार की एम्बुलेंस को समाजवादी एम्बुलेंस बना दी गई थी। पाठक ने जवाब देते हुए कहा कि सच्चाई सुनना नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गयी थी। इनकी सरकार में बड़े बड़े घोटाले हुए थे। वेंटिलेटर पर पहुंचा मेडिकल कॉलेज, जेल जाएंगे स्वास्थ्य मंत्री...। समाजवादी पार्टी में खुली लूट होती थी। यह लोग क्षद्म समाजवादी हैं। यह नकली समाजवादी हैं। इस ओर सदन में हंगामा हुआ, ये समाजवादी अराजकता फैलाते हैं। उनके यह कहते ही शिवपाल यादव वेल में आ गए। उनके साथ सपा के अन्य सदस्य भी वेल में आकर हंगामा करने लगे। कुछ देर तंक हंगामा चलता रहा। विधान सभा अध्यक्ष के समझाने के बाद सपा के सदस्य वापस अपनी कुर्सी पर बैठे और सदन की कार्यवाही आगे बढ़ी। इससे पहले समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य शिवपाल यादव ने शून्य प्रहर के दौरान स्वास्थ्य व्यवस्था पर चर्चा कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का बजट पिछली बार भी मिला था, लेकिन खर्च नहीं किया गया। अगर सही से खर्च होता तो स्थिति शायद कुछ बेहतर हो जाती। जिला अस्पतालों में दलाल सक्रिय हैं। सरकार के विज्ञापनों से लगता है कि स्वास्थ्य महकमा बिल्कुल चमक गया है। असलियत यह है कि स्वास्थ्य विभाग वेंटिलेटर पर है। जांच के लिए लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। अस्पतालों में वसूली होती है। हमारे ब्लॉक में सीएचसी बनी है। छह साल हो गए।



### साधा निशाना

**मेडिकल कॉलेज वेंटिलेटर पर पहुंच गये थे। आज भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सेवाएं बहुत बेहतर हैं**

# पंजाब में एग्जाम से 1 घंटे पहले पेपर रद्द

**लुधियाना/टीम एक्शन इंडिया**
**पंजाब** स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 12वीं कक्षा का शुक्रवार का अंग्रेजी का पेपर अचानक एक घंटे पहले रद्द कर दिया। इसके पीछे प्रबंधकीय कारण बताए गए, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि पेपर लीक हुआ है। विभाग के इस फैसले के बाद छात्रों में मायूसी देखने को मिली। शुक्रवार को छात्र परीक्षा केन्द्रों में पेपर ऐने के लिए पहुंच चुके थे, लेकिन इस बीच उन्हें सूचित किया गया कि पेपर रद्द कर दिया गया है। अचानक से पेपर रद्द होने की सूचना मिलने पर छात्र हैरत में पड़ गए। शिक्षा बोर्ड के प्रवक्ता ने कहा कि अंग्रेजी विषय की परीक्षा प्रशासनिक कारणों के चलते रद्द करनी पड़ी है।

**2 बजे शुरू होना था पेपरः** पंजाब शिक्षा बोर्ड के कंट्रोलर ने जिला शिक्षा अधिकारी के साथ-साथ स्कूल प्रबंधों को पेपर रद्द के ऑर्डर भिजवा दिए हैं। वहीं पेपर रद्द होने के कारण स्टूडेंट्स को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ा।

# गुजरात का 3.10 लाख करोड़ का बजट पेश

**गांधीनगर/टीम एक्शन इंडिया**
**गुजरात** विधानसभा का बजट सत्र गुरुवार से शुरू गया है। वहीं, वित्त मंत्री कनुभाई देसाई ने राज्य का बजट पेश किया। 2023-24 के लिए बजट आकार में पिछले साल की तुलना में इस बार 18 से 20 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। इससे बजट का आकार करीब 3.01 लाख करोड़ हो गया है। गुजरात विधानसभा में भूपेंद्र पटेल सरकार के दूसरे कार्यकाल में वित्त मंत्री कनुभाई देसाई ने लगातार दूसरी बार बजट पेश किया। कुल बजट 3 लाख 1 हजार 22 करोड़ रुपए है। नए बजट में सबसे ज्यादा बजट शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक क्षेत्रों को आवंटित किया गया है। वहीं, स्वास्थ्य क्षेत्र में कई गुना खर्च होने के बावजूद सरकार ने लोगों पर किसी नए टैक्स का बोझ नहीं डाला है।

**पर्यटन अब अलग विभाग बनेगा, बजट में घोषणा की संभावनाः** राज्य सरकार ने राज्य में पर्यटन क्षेत्र का दायरा बढ़ाने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, कच्छ का सफेद रेगिस्तान जैसे पर्यटन स्थल अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। वहीं, सोमनाथ, द्वारका, अंबाजी और पावागढ़ सहित अन्य तीर्थस्थलों पर लाखों प्रवासी सालभर आते हैं। इसलिए पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए बजट में पर्यटन के लिए एक अलग विभाग के रूप में घोषणा की गई है। पर्यटन विभाग में अलग संस्थान आवंटित कर वित्तीय प्रावधान भी बढ़ाया जाएगा।



**बजट की बड़ी घोषणाएं...**
- गरीबों के लिए 2 लाख करोड़
- मानव संसाधन के लिए 4 लाख करोड़
- विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करने के लिए 5 लाख करोड़
- कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र के लिए 2 लाख करोड़
- हरित विकास के लिए 2 लाख करोड़




# बॉयलर फटने से बड़ा हादसा, चार लोगों की मौत

**मेरठ/टीम एक्शन इंडिया**
**मेरठ** जनपद में शुक्रवार दोपहर को एक कोल्ड स्टोर में बॉयलर फटने से बड़ा हादसा हो गया। इससे कोल्ड स्टोरेज की छत उड़ गई। जिसमें बड़ी संख्या में मजदूर दब गए। इस हादसे में अभी तक चार लोगों के मरने की पुष्टि हुई है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच कर राहत कार्यों में जुटे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को राहत कार्य चलाने के निर्देश दिए और घायलों का समुचित उपचार कराने को कहा है।

# खेत की मिट्टी पर विवाद, ताऊ ने गोली मारी

**अजमेर/टीम एक्शन इंडिया**
राजस्थान के अजमेर में गुरुवार शाम को खेत की मिट्टी निकालने के विवाद पर ताऊ ने अपने भतीजे पर फायरिंग कर दी। गोली उसके प्राइवेट पार्ट में जा लगी। फायरिंग का वीडियो भतीजे ने ही रिकॉर्ड किया, जो अब वायरल हो रहा है। भतीजे की हालत गंभीर होने से उसे अजमेर रेफर किया गया है। वहीं, पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

**उकसाने से ताऊ को गुस्सा आया और फायर कर दियाः** अजमेर जिले के ब्यावर के ठिकरना गुजरान में हमीद काठात (35) ने गुरुवार शाम 6 बजे ताऊ भागा (65) को उसके खेत से ट्रॉली में मिट्टी भरवाते देखा। हमीद पास गया और उन्हें मना करने लगा। इससे भागा ने बंदूक तान दी। हमीद को लगा कि वह मजाक कर रहा है। उसने ताऊ को उकसाया।



**एक्सप्रेस** रतलाम से दोनों शहरों की दूरी समान रहेगी, दिल्ली और मुंबई यहां से छह-छह घंटे में पहुंच सकेंगे

# रतलाम रहेगा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे का सेंटर

**इंदौर/टीम एक्शन इंडिया**
**विश्व** के सबसे बड़े दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे के शुरू होने के बाद मध्य प्रदेश के रतलाम शहर की अहमियत बढ़ जाएगी। 1355 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेस वे का रतलाम सेंटर रहेगा। रतलाम से दोनों शहरों की दूरी समान रहेगी। दिल्ली और मुंबई यहां से छह-छह घंटे में पहुंच सकेंगे। सेंटर में होने के कारण रतलाम को भी फायदा होगा। रतलाम में अभी से कुछ बड़ी रियल इस्टेट कंपनियों ने निवेश शुरू कर दिया है। रतलाम के समीप एक निवेश क्षेत्र भी तैयार हो रहा है। एक्सप्रेस वे का सेंटर होने के कारण यहां कई उद्योग तेजी से पनप सकेंगे।

**मुंबई से रतलाम की दूरी होगी 611 किलोमीटरः** 1355 किलोमीटर के एक्सप्रेस वे की महाराष्ट्र में 171 किलोमीटर लंबाई रहेगी। महाराष्ट्र से गुजरात के दाहोद तक इसकी लंबाई 325 किलोमीटर होगी और दाहोद से रतलाम की लंबाई 115 किलोमीटर होगी। यानि रतलाम से मुंबई तक जाने के लिए सिर्फ 611 किलोमीटर का सफर करना होगा, जबकि दिल्ली तक जाने के लिए करीब 680 किलोमीटर का सफर रहेगा। यह दूरी एक्सप्रेस वे पर छह घंटों में पूरी की जा सकेगी।

**रतलाम व झाबुआ में निर्माण कार्य पूराः** एक्सप्रेस वे का रतलाम व झाबुआ जिले में निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। एक्सप्रेस वे का 244 किलोमीटर लंबा हिस्सा झाबुआ, रतलाम व मंदसौर जिले में है। रतलाम जिले में 90, झाबुआ जिले में 50.95 व मंदसौर में 102 किमी लंबा एक्सप्रेस वे गुजरेगा।

